दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 22 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 459

## संक्षिप्त खबरें ।

### इंडी गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन रांची में, मंच पर नहीं दिखेंगे राहुल गांधी व उद्धव ठाकरे



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी इंडी गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन आज होना है. इसके लिए विपक्षी नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया है. रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की रैली आयोजित हो रही है. मंच पर लालू यादव, अखिलेश यादव, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, भगवंत मान, मल्लिकार्जुन खड़गे, सुनीता केजरीवाल, उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं के शामिल होने की सूचना थी. लेकिन, अब पता चल रहा है कि राहुल गांधी और उद्धव टाकरे इस शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा नहीं होंगे।

दरअसल राहुल गांधी के रैली में शामिल नहीं होने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट डाला और लिखा है कि, 'राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, जहां इंडी गठबंधन की रैली हो रही है. लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अवश्य सतना में जनसभा को संबोधित करने के बाद रांची की रैली में शामिल होंगे। इंडी गठबंधन की रांची में हो रही रैली को उलगुलान रैली नाम दिया गया है. वहीं बताया जा रहा है कि इस रैली को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद भी संबोधित कर सकते हैं. रैली में 14 राजनीतिक दलों के नेताओं को एक साथ मंच साझा करने का कार्यक्रम है. इसमें कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, समाजवादी पार्टी, राजद, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) प्रमुख हैं। इसमें राहुल गांधी के वहां नहीं पहुंचने की खबर सामने आ गई है. इसके साथ ही रैली में मंच पर शिवसेना(यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे भी नहीं होंगे. इसके बारे में संजय राउत की तरफ से बताया गया कि 'उद्धव ठाकरे मुंबई से बाहर जा रहे हैं, राज्य में चुनाव प्रचार के चलते वह और हम वहां नहीं जा पा रहे हैं।

# अमित शाह ने कटिहार से भरी हुंकार कांग्रेस और राजद पर बोला हमला

लोक तंत्र की आवाज



**कटिहार।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सीमांचल में जनसभा को संबोधित किया. लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे फेज में सीमांचल के तीन सीटों पर मतदान होना है. रविवार को कटिहार शहर के राजेंद्र स्टेडियम में गृहमंत्री अमित साह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से एनडीए की ओर से उतारे गए जदयू के प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में सभा को संबोधित किया. इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

**अमित शाह बोलेः** गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के नारे लगवाकर किए. बिहार की 40 की 40 सीटें जीताने की अपील उन्होंने की. अमित शाह ने कहा कि देश की जनता को ये तय करना है कि अगले पांच साल के लिए देश का प्रधानमंत्री कौन होगा. पूरे देश में लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं. कटिहार वालों को कहने आया हूं कि आप मोदी जी को पीएम बनाना चाहते हैं तो तीर छाप पर वोट दें. आपका एक-एक वोट मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा।

**परिवारवाद और जातिवाद पर हमलाः** अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद और जातिवाद व तुष्टिकरण को समाप्त किया. कांग्रेस पार्टी व इनके साथी लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ लेकिन गरीबी नहीं हटती थी. नरेंद्र मोदी सरकार के मुफ्त अनाज योजना का बखान अमित शाह ने किया. कांग्रेस और राजद एक होकर भाजपा-जदयू के खिलाफ लड़ रही है. लालू यादव ने बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया. राबड़ी-लालू शासनकाल आप याद किजिए. एनडीए की सरकार बनी तो सबके साथ अत्याचार बंद हुआ।

**कश्मीर और सर्जिकल स्ट्राइक का भी किया जिक्रः** अमित शाह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे पूछते हैं कि राजस्थान और बिहार का कश्मीर से क्या लेना देना है. खरगे जी, आपको मालूम नहीं है कि बिहार का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने के लिए तैयार है. धारा 370 को कांग्रेस व लालू यादव की पार्टी दबाकर बैठी थी जिसे नरेंद्र मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया. कांग्रेस सरकार में आए दिन आतंकवादी जब बम धमाके करते थे तो वो कुछ नहीं बोलते थे. जब मोदी जी की सरकार आयी और पुलवामा हमला हुआ तो दस दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया किया. मोदी जी ने देश को सुरक्षित किया. लालू यादव फिर से बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं।

**मोदी सरकार के कामों को गिनायाः** अमित शाह ने बिहार के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा दी गयी राशि और विकास परियोजनाओं का जिक्र किया. कटिहार में बने सड़क प्रोजेक्ट, फ्लाइओवर आदि के बारे में उन्होंने बताया. अमित शाह ने रिवर फ्रंट का भी काम सरकार के खाते में गिनाया।

**सीएम नीतीश कुमार ने विपक्ष को घेराः** इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से संबोधित करते हुए बिहार में पूर्व की कांग्रेस व राजद की सरकार को निशाने पर लिया. नीतीश कुमार ने कहा कि दो बार हमने उन्हें मौका दिया. लेकिन उन्होंने गड़बड़ किया तो उन्हें हटा दिया. भाजपा के साथ अपने पुराने संबंध के बारे में नीतीश कुमार ने जनता को बताया. नीतीश कुमार ने अपनी सरकार के कामों को गिनाया. मुस्लिमों के लिए किए गए काम के बारे में बताते हुए नीतीश कुमार ने बदलाव का दावा किया. उन्होंने कहा कि हमारे सरकार ने सबके लिए काम किया है. लड़कियों व महिलाओं के लिए किए गए कामों को भी गिनाया. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हित में काम होता है. बिहार में हमलोग 40 की 40 सीटें और देशभर में 400 से अधिक सीटें जीतेंगे।

### लालू यादव पर बोला हमला

मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं. इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया. मंडल कमीशन का विरोध किया. पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं. भाजपा ने सबसे पहले पिछड़-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है. गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है. एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी. अमित शाह ने कटिहार के जदयू उम्मीदवार को जीताने की अपील जनता से की।

## उलगुलान... इंडिया गठबंधन ने रैली का क्यों रखा यह नाम, क्या है इसका मतलब, क्यों हो रहा विवाद?




लोक तंत्र की आवाज

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की संयुक्त रैली हो रही है. इसे 'उलगुलान' रैली का नाम दिया गया है, जिसके मतलब को लेकर खासा विवाद खड़ा हो गया है. दरअसल, उलगुलान जनजातीय भाषा-संस्कृति का शब्द है. ऐतिहासिक संदर्भों में इसका उपयोग आदिवासी अस्मिता एवं जल, जंगल, जमीन पर होने वाले हमलों के खिलाफ विद्रोह या क्रांति के लिए किया जाता रहा है. चूंकि आदिवासी मूल रूप से प्रकृति पूजक होते हैं और जल, जंगल, जमीन प्रकृति के घटक हैं, इसलिए इससे जुड़े उलगुलान शब्द को भी इनकी संस्कृति में बेहद पवित्र माना जाता है।

स्वतंत्रता संग्राम के महान आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा ने 1899-1900 में अंग्रेजी हुकूमत और उनके द्वारा पोषित साहूकारों-सूदखोरों के अत्याचारों को आदिवासियों के स्वशासन-स्वराज और पहचान पर हमला बताते हुए उलगुलान का ऐलान किया था. अब रैली के लिए उलगुलान शब्द के इस्तेमाल पर विवाद खड़ा हो गया है. रैली की मेजबानी कर रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा की कोशिश है कि वह राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर प्रचारित करे और लोकसभा चुनाव में भावनात्मक मुद्दे के रूप में इसे भुनाए।

यही वजह है कि रैली के मुख्य मंच पर हेमंत सोरेन को जेल की सलाखों के भीतर दर्शाती एक बड़ी तस्वीर रखी गई है और जगह-जगह पर मोटे अक्षरों में उलगुलान शब्द लिखा गया है. हेमंत सोरेन की पत्नी और रैली की मुख्य मेजबान कल्पना सोरेन ने इस रैली को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, ₹यह देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए, अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में बंद जननेताओं की रिहाई के लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए झारखंड और झारखंडियत की रक्षा के सवालों के लिए उलगुलान है।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा वापस नहीं आने वाली: मायावती

लोक तंत्र की आवाज



**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक?ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''आजादी के बाद केंद्र और राज?यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज?यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।

**भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वालीः** भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, '' पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेषपूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।'' उन्होंने कहा, '' बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई।'' मायावती ने कहा, '' वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नयी नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले, क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है।उन्होंने आरोप लगाया, '' इनकी पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन्य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किये, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया।

### दानिश अली पर विश्वासघात का लगाया आरोप

उन्होंने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, '' 2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया।'' मायावती ने कहा, '' हमने मजबूरी में उसके स्थान पर दूसरे व्यक्ति को इस बार टिकट दिया है।'' बसपा प्रमुख ने कहा, '' मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति ने विश्वासघात किया, लेकिन हमने अमरोहा क्षेत्र के मुस्लिम समाज को सजा नहीं दी बल्कि हमने मुस्लिम समाज से चौधरी मुजाहिद हुसैन को टिकट दिया, जिनको जिताने में आप जी जान से लगे हैं।'' अमरोहा में वर्ष 2019 में बसपा से चुनाव जीते कुंवर दानिश अली को विपक्षी दलों के समूह 'इंडिया' गठबंधन के सबसे प्रमुख घटक कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। दानिश का मुकाबला बसपा के मुजाहिद हुसैन और भाजपा के पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर से है।

# लोकसभा चुनाव: कटिहार में तारिक अनवर लगाएंगे छक्का या दुलाल गोस्वामी कर देंगे आउट

लोक तंत्र की आवाज




**कटिहार।** बिहार का कटिहार जिला इतिहास और राजनीति, दोनों लिहाज से एक विशेष क्षेत्र है. पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा कटिहार झीलों की वजह से बिहार का प्रमुख पर्यटन स्थल भी है. पहले यह पूर्णियां जिले का हिस्सा हुआ करता था. यहां का त्रिमोहिनी संगम काफी प्रसिद्ध है. यह तीन नदियों का संगम है. गंगा, कोसी और कलबलिया का यहां मिलन होता है. लोकसभा चुनावों के दौरान कटिहार लोकसभा सीट बिहार की हॉटकेक बनी हुई है. कटिहार में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

कटिहार लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन की ओर से जनता दल-यू के दुलाल चंद्र गोस्वामी मैदान में हैं. उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के दिग्गज नेता तारिक अनवर से है. जहां दुलाल गोस्वामी वर्तमान सांसद हैं तो तारिक अनवर भी इसी सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं. अब तारिक अनवर कटिहार से जीत का छक्का लगा पाएंगे या फिर यहां की जनता दुलाल चंद्र गोस्वामी को ही अपना दुरार देगी यह तो 4 जून को ही स्पष्ट हो पाएगा, लेकिन यहां का चुनावी मुकाबला काफी रोचक हो चला है. इनके अलावा कटिहार सीट पर बहुजन समाज पार्टी के गोपाल कुमार महतो, भारत जोड़ो जनता पार्टी से विष्णु सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से मरांग हांसदा, राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी से राज कुमार मंडल, समाज शक्ति पार्टी से बिंदु कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खालिद मुबारक तथा ज्ञानेश्वर सोरेन अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

**कटिहार लोकसभा सीटः** कटिहार की लोकसभा सीट हो या फिर यहां की विधानसभा सीटें, कभी किसी दल का एकछत्र राज नहीं रहा है. वैसे इस सीट ने देश को कई दिग्गज नेता दिए हैं. यहां छह विधानसभा सीट कटिहार, कड़वा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी और बरारी हैं. इनमें कटिहार और प्राणपुर में बीजेपी, कड़वा और मनिहारी में कांग्रेस, बरारी में जेडीयू और बलरामपुर में सीपीआईएमएल का विधायक है।

लोकसभा सीट की बात करें तो 1957 के चुनाव में यहां से कांग्रेस ने खाता खोला था. उसके बाद 1962 में यहां प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की प्रिया गुप्ता ने जीत हासिल की. 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सीताराम येचुरी विजयी हुए. इसके बाद 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर गंगेश्वर प्रसाद यादव ने जीत हासिल की. 1980 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से तारिक अनवर की यहां एंट्री हुई. उन्होंने 1984 का चुनाव भी जीता. 1989 और 1991 के चुनाव यह सीट जनता दल की झोली में चली गई. 1996 में तारिक अनवर ने फिर से कब्जा किया. 1998 में भी वही चुने गए. 1999, 2004 और 2009 के लोकसभा चुनावों में यहां से बीजेपी के निखिल कुमार चौधरी लगातार तीन बार सांसद बने. 2014 में तारिक अनवर ने शरद पवार वाली एनसीपी के टिकट पर जीत हासिल की. लेकिन 2019 के चुनाव में जनता दल-यू के दुलाल चंद्र गोस्वामी के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**दुलाल चंद्र गोस्वामीः** जेडीयू सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी छात्र जीवन से ही राजनीति में हैं. वे एक बार बीजेपी के टिकट पर और एक बार निर्दलीय विधायक रह चुके हैं. निर्दलीय विधायक चुने जाने के बाद दुलाल चंद्र बिहार सरकार में श्रम संसाधन मंत्री रहे. 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार तारिक अनवर को 57 हजार वोटों से हराया था।

# दूसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर होगा महामुकाबला बांका-कटिहार में मौजूदा और पूर्व सांसद में है टक्कर

लोक तंत्र की आवाज

**बांका।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रत्याशियों की किस्मत एश्ट में बंद हो चुकी है. अब दूसरे चरण का रण सज चुका है. दूसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर वोटिंग होगी. जिन सीटों पर मुकाबला होने वाला है उनमें भागलपुर, पूर्णिया, किशनगंज, बांका और कटिहार शामिल हैं. इनमें बांका और कटिहार सीट पर मुख्य मुकाबला वर्तमान और पूर्व सांसद में टक्कर के बीच है. वहीं पूर्णिया में पप्पू यादव ने निर्दलीय खड़े होकर तो किशनगंज में AIMIM प्रत्याशी अख्तरुल ईमान ने लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है. भागलपुर, पूर्णिया और किशनगंज में एनडीए और महागठबंधन के प्रत्याशियों की पहली बार भिड़ंत हो रही है।

बांका लोकसभा सीट हर चुनाव में चर्चा में रहती है. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व चंद्रशेखर सिंह भी इस सीट से चुनाव लड़ चुके हैं. इस सीट पर कभी कांग्रेस का दबदबा रहता था, लेकिन 1996 के बाद से यहां समाजवादियों का कब्जा हो गया. 1996 में जनता दल के गिरधारी यादव को जीत मिली थी. 2004 का चुनाव गिरधारी यादव राजद की टिकट पर लड़े और जीते थे. 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी दिग्विजय सिंह और 2010 में हुए उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी पुतुल कुमार सिंह को भी जीत मिल चुकी है.




2014 में राजद के जय प्रकाश नारायण यादव को जीत हासिल हुई थी. गिरधारी यादव अब जेडीयू से सांसद हैं. उन्होंने 2019 में जेडीयू की टिकट पर चुनाव लड़ा था और राजद के जय प्रकाश नारायण को करीब 2 लाख वोटों के अंतर से हराया था. जेडीयू ने इस बार भी उनको मैदान में उतारा है तो राजद ने भी जय प्रकाश नारायण पर भरोसा जताया है।

वहीं कटिहार सीट पर जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच मुख्य लड़ाई है. इस सीट पर 2019 लोकसभा चुनाव में भी जेडीयू के दुलालचंद गोस्वामी की जीत हुई थी. उन्होंने तारिक अनवर को 57,203 वोटों से हराया था. जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में तारिक अनवर ने एनसीपी की टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी. इस चुनाव में तारिक ने बीजेपी के निखिल कुमार चौधरी को हराया था।

वहीं पूर्णिया में राजद ने बीमा भारती तो जेडीयू ने सिटिंग सांसद संतोष कुशवाहा को टिकट दिया है. सियासी जानकारों का कहना है कि पप्पू यादव के निर्दलीय खड़े होने से अब राजद प्रत्याशी बीमा भारती फंस गई हैं. वहीं किशनगंज सीट पर अक्टक्ट चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने अख्तरुल ईमान को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस को परेशानी में डाल दिया है।कांग्रेस की ओर से मौजूदा सांसद डा. मोहम्मद जावेद को तो जेडीयू की तरफ से मास्टर मुजाहिद को मैदान में उतारा गया है।

# वोटिंग परसेंटेज कम होने पर मुकेश सहनी ने भाजपा पर बोला हमला-एनडीए को नहीं पसंद कर रही जनता

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** बिहार में पहले चरण के मतदान में पिछले साल की तुलना में वोटिंग प्रतिशत में कमी आई है, जिसको लेकर विपक्ष हमलावर है. श्क्ध प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा की हवा निकल चुकी है. जनता भाजपा से त्रस्त है, इसलिए वोट ना देकर सरकार गिराना चाहती है।

मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा के लोग खुद कह रहे हैं, कि पीएम मोदी के चक्कर में नहीं रहिए, अपना काम खुद करिए. मुकेश सहनी ने दावा किया कि पहले चरण में लोकसभा की चार सीटों पर बिहार की जनता ने महागठबंधन के पक्ष में वोटिंग करने का काम किया है। बिहार में साफ हो गया है कि लोग एनडीए गठबंधन को पसंद नहीं कर रहे हैं, जिस वजह से उनके वोटर बूथ तक नहीं पहुंचें। जनता फिर से भाजपा की सरकार नहीं बनाना चाहती है।सरकार गिराने के लिए उन्होंने कम वोटिंग की है। वोटिंग प्रतिशत कम होते ही भाजपा के लोग निराश हो गए हैं. मतदान के प्रति लोगों का रुझान कम दिखने का मतलब ही है कि सत्ता पक्ष के लोगों से जनता नाखुश हैं क्योंकि उन्होंने काम नहीं किया है। वहीं मुकेश सहनी ने बिहार में प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन पूरी तरह से एकजुट है. सभी लोग मजबूती के साथ चुनावी मैदान में हैं, राहुल गांधी का भी बिहार द्वारा शुरू हो गया है. जिस तरह से लोगों का समर्थन बिहार में महागठबंधन को मिल रहा है, उससे स्पष्ट हो गया है कि बिहार में ज्यादा से ज्यादा सीट महागठबंधन के उम्मीदवार जीतेंगे।

# 2015 में हुई हार आज भी मोदी-शाह को डराती है: प्रशांत किशोर

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** 2015 में जेडीयू-आरजेडी और कांग्रेस के महागठबंधन की जीत के लिए रणनीति बनाने वाले प्रशांत किशोर का कहना है कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी आज भी अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पा रही है. उन्होंने कहा कि जिन नीतीश कुमार से गठबंधन नहीं करने का अमित शाह सार्वजनिक मंच से ऐलान कर चुके हैं, उन्हें फिर से उनके साथ जाना पड़ा है. इसके पीछे की वजह 2015 की वह हार है, जो आज भी भारतीय जनता पार्टी को डराती रहती है।

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जिस बीजेपी को आपलोग इतना ताकतवर समझते हैं या देश आज मान रहा है, चाहे वो नरेंद्र मोदी हो या अमित शाह उनको भी बड़ी हार डराती है. उन्होंने कहा कि भाजपा को अगर आप गहराई से देखना समझना जानना चाहेंगे तो आपको पता चलेगा कि जहां पर इनके खिलाफ लोग मजबूती से चुनाव लड़े और इनको हरा दिया, वहां पर इन भाजपा वालों को कभी हिम्मत नहीं हुई चुनाव लड़ने की।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बिहार वो भूमि है, जब 2015 में अमित शाह और नरेंद्र मोदी को सारे प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिली. वो जो डर है, इतना बड़ा डर है हारने. कहीं न कहीं भाजपा को लीडरशिप को डर है कि बिहार की राजनीतिक पृष्ठभूमि है, समाजवाद की जड़ें इतनी मजूबत और गहरी हैं कि इतना आसान नहीं है कि मोदी के एक स्लोगन से बिहार को जीत लिया जाए. इसलिए फिर से उनको ऐसा गठबंधन (नीतीश कुमार का साथ) करना पड़ा।

### बिहार में गठबंधन बीजेपी की मजबूरी

प्रशांत किशोर ने कहा कि 400 सीट जीतने का दावा करने वाले अमित शाह को भी बिहार में नीतीश कुमार के पास आना पंड़ा है, यह जानते हुए कि उनका (नीतीश) का जनाधार लगातार कम होता जा रहा है. इसके बावजूद वो एनडीए में आ रहे हैं तो उनको स्वीकारने में उनको कोई दिक्कत नहीं है. बिहार की राजनीतिक भूमि को भाजपा इतना आसान मानती नहीं है. बिहार में चाहे चिराग पासवान हो, उपेंद्र कुशवाहा हो या जीतनराम मांझी हो, इन्हें साथ इसलिए रखना चाहते हैं ताकि इनको 40 सीट जीतने में कोई खतरा न पैदा हो जाए।

## संक्षिप्त खबरें ।

## सिरदला: सिरदला फूल बागान चौक को जाम से नहीं मिल रहा निजात

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला



सिरदला प्रखंड के स्थानीय फूल बागान चौक सिरदला एस एच 70 पर जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। यहां पर हर रोज लगने वाले जाम से यात्री व आम लोग परेशान हैं। जाम का मुख्य कारण अतिक्रमण तथा रोड के साइड में खड़े टोटो व टेंपो है। यहां आदि पूरे मन से अतिक्रमण तथा टेंपो को हटाया जाए तो जाम से निजात मिल सकती है। जिला प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण हटाया था। लेकिन लोग एक–दो दिन बाद ही वही स्थिति पैदा कर देते हैं। यहां पर एक तो अतिक्रमण दूसरा लोग मनचाहे स्थान पर वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में स्थानीय पुलिस प्रशासन को पहल करने की आवश्यकता है।

## सिरदला: पुलिस ने जोगिया जंगल के पास से 20 लीटर महुआ शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार दो फरार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला



परना डाबर थाना क्षेत्र के जोगिया जंगल के पास से 20 लीटर महुआ शराब के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। तथा दोनों गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर जंगल के पास गड्ढे से दो मोटरसाइकिल पर लदा 300 लीटर महुआ शराब, कुल 320 लीटर जुलाई महुआ शराब बरामद किया गया है। जिसे थाना परिसर लाया गया है। परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के बारा टोला सीतारामपुर गांव निवासी भोला राजवंशी के पुत्र सुनील राजवंशी एवं कारू राजवंशी के पुत्र जितेंद्र राजवंशी बताया गया है। जिसे शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा और जुलूस



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला प्रखंड में रविवार को रामनवमी को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल चरम पर रहा।इस मौके पर प्रखंड में श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर विशाल जुलूस और भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में राम भक्तों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।इस दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही चहल–पहल लगी रही और पुरा प्रखंड भक्तिभाव में डूबा रहा। जय श्रीराम के जयघोष से प्रखंड का कोना कोना गूंजता रहा.राम भक्तों श्रद्धालुओं के गेरुआ वस्त्र और भगवा ध्वज से पूरा शहर राममय हो उठा था। जुलूस के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। नीचे बजार हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा का हुआ श्रीगणेशः इस मौके पर सिरदला नीचे बाजार स्थित हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा का श्रीगणेश हुआ। इसके पश्चात निर्धारित रूट से होते हुए बरबीघा, फूल बगान चौक, , एसएच 70 होते हुए पानी टंकी ग्रामीण बैंक से थाना रोड पीएचईडी कार्यालय आदि स्थानों से होकर पुनः मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हो गया।इस दौरान शोभा यात्रा मे सैकड़ो की संख्या में रामभक्त हाथों में भगवा ध्वज लेकर पैदल चल रहे थे। सभी रामभक्त माथे पर गेरूआ पगड़ी बांधे हुए थे और श्रद्धा में डूब कर जय श्री राम के जयघोष करते जा रहे थे। चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ तैनात रहे पुलिस बलः–इस मौके पर स्थानीय प्रशासन भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया था और पुलिस बल काफी सक्रिय था और हर चौक चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था। जिसमें महिला पुलिस भी शामिल थी. इसके पूर्व स्थानीय पुलिस और तैनात किए गए ।

# नवादा में कोर वोटरों की निष्क्रियता और बाहरी –भीतरी के भीतरघात से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर की राह हुआ कठिन

## लव–कुश समाज के वोटरों ने फूल के बजाय कुल(जाति) को किया पसंद, राजद का समीकरण के आधार पर बना पकड

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** सिर्फ मोदी लहर और कोर वोटरों पर निर्भर रहना भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर को कहीं महंगा न पड़ जाय. पहले चरण में हुए मतदान ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है. भाजपा को नवादा सीट पर कड़ी टक्कर मिली है. इसके पीछे की कई वजहें हैं, जिनमें नवादा में बाहरी प्रत्याशी को उतारना भाजपा के लिए गले की फांस साबित होते हुई दिख रही है. इसके साथ हीं भीतरघात की भी खबर है. कोर वोटरों में भाजपा प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नहीं रही. लिहाजा भाजपा के परंपरागत वोटर मतदान कराने को लेकर सक्रिय नहीं दिखे. असर यह हुआ कि पोलिंग प्रतिशत काफी कम रहा. साथ ही सहयोगी दल जेडीयू का भी भरपूर साथ नहीं मिला. लव–कुश समाज के वोटरों ने भी भाजपा प्रत्याशी को गच्चा दिया. लव–कुश समाज के वोटरों ने फूल की बजाय कुल( जाति ) को पसंद किया है. कुल मिलाकर कहें तो नवाद सीट पर भाजपा संकट में है।

**पहले चरण में हीं** नवादा में मतदान संपन्न हो गया है. मतदान के बाद अब हार–जीत की चर्चा शुरू हो गई है. कौन प्रत्याशी हार रहा और किन्हें जीत मिल रही, इस पर चर्चा शुरू है. भीतरघात की भी खूब चर्चा हो रही. भाजपा के कोर वोटरों की नाराजगी पर भी बात हो रही है. नवादा में भाजपा ने राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा. विवेक ठाकुर नवादा संसदीय क्षेत्र से ताल्लुक नहीं रखते हैं. बाहरी को टिकट दिए जाने के बाद भाजपा के अंदर ही भारी नाराजगी देखने को मिली थी. इस सीट पर भाजपा के कई स्थानीय और मजबूत दावेदार थे. लेकिन बीजेपी ने बाहरी विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बना दिया. इससे अंदर ही अंदर कई नेता नाराज हो गए. कहा जाने लगा कि नेतृत्व ने हम पर बाहरी उम्मीदवार जबरन थोप दिया है,जिसे हम मंजूर नहीं करेंगे. हालांकि नेतृत्व ने नाराज नेताओं को मना लिया. इसके बाद नाराज नेता विवेक ठाकुर के पक्ष में बेमन से प्रचार करने लगे. इनकी उम्मीदवारी को न सिर्फ नेता बल्कि नवादा के लोग भी पचा नहीं पाए. खबर है कि अंदर ही अंदर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जमकर भीतरघात हुआ है. कोर वोटरों ने भी विवेक ठाकुर को बेमन से स्वीकार किया. इसका प्रभाव वोटिंग पर भी पड़ा. कोर वोटर घरों से निकले नहीं या अनमने ढंग से वोट किया. लिहाजा वोट प्रतिशत काफी कम रहा. इसका नुकसान भाजपा प्रत्याशी को सीधे तौर पर होते दिख रहा है।

**वारिसलीगंज में सीएम** की चुनावी सभा में ही खुल गई थी पोल । वोटिंग से पहले भी चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिखा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वारिसलीगंज में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे. चुनावी सभा में भीड़ देकर उसी दिन अनुमान लग गया था कि कैंडिडेट के पक्ष में कोई लहर नहीं है. कहा जाता है कि मुख्यमंत्री की सभा पांच–छह सौ लोग ही पहुंचे थे. मंच से स्थानीय विधायक अरूणा देवी ने इसे स्वीकार किया था. सभा को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक ने लोगों की कम संख्या पर सफाई दी थी और कहा था कि टाइमिंग सही नहीं होने की वजह से कम भीड़ है. दोपहर 11 बजे के बाद काफी गर्मी हो जा रही है. इसी वजह से लोग नहीं आये जानकार बताते हैं कि भाजपा के स्थानीय नेता–कार्यकर्ता ही अपने प्रत्याशी को पचा नहीं पा रहे थे. नेता–कार्यकर्ता सिर्फ शरीर से भाजपा प्रत्याशी के साथ थे, मन से नहीं. नतीजा हुआ कि विवेक ठाकुर के पक्ष में माहौल नहीं बन पाया।

**भाजपा के समीकरण वाला वोट राजद के पक्ष में चला गया :** जानकार बताते हैं कि रही–सही कसर कसर जेडीयू से जुड़े वोटरों ने पूरी कर दी. बताया जाता है कि नवादा संसदीय क्षेत्र में कुशवाहा वोटरों की पहली पसंद राजद बन गया. राजद ने इस सीट से श्रवण कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया था. इसका लाभ भी मिलते दिखा. बताया जाता है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में अधिकांश कुशवाहा वोटरों ने राजद के पक्ष में मतदान किया है. वहीं कहीं–कहीं कुर्मी वोटरों का झुकाव भी राजद के पक्ष में रहा. खबर है कि इस बार अशोक महतो फैक्टर भी काम किया है. जिस वजह से अशोक महतो के प्रभाव क्षेत्र वाले इलाके में कुर्मी वोटरों ने राजद के पक्ष में मतदान कर दिया. नीतीश कुमार के गठबंधन की वजह से भाजपा जिस वोट को अपना बता रही थी वह भी राजद के पाले में जाते दिखा।

**गुंजन सिंह के प्रति दिखी सहानुभूति :** नवादा संसदीय क्षेत्र भोजपुरी गायक गुंजन सिंह भी निर्दलीय चुनावी मैदान में है. गुंजन सिंह भी भूमिहार समाज से आते हैं. इन्होंने भी कुछ जगहों पर भाजपा प्रत्याशी के वोट बैंक में सेंध लगाई है. विवेक ठाकुर से नाराज भाजपा के कोर वोटरों ने निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह के पक्ष में वोटिंग किया है. बरबीघा, वारिसलीगंज समेत कई अन्य इलाकों में नौजवान वोटरों ने निर्दलीय गुंजन सिंह के पक्ष में मतदान किया है.ऐसी खबर आ रही है।

**भाजपा प्रत्याशी को मोदी लहर और निर्दलीय प्रत्याशी विनोद यादव पर ही भरोसा :** भाजपा को अब सिर्फ पीएम दी मोदी लहर और निर्दलीय विनोद यादव पर ही भरोसा है. विनोद यादव कद्दावर नेता राजवल्लभ यादव के भाई है. राजद से बगावत कर विनोद यादव नवादा सीट से चुनावी मैदान में हैं. वे अपने आप को राजद का असली नेता बताकर वोट मांगा है. लेकिन इस बार के चुनाव में राजवल्लभ परिवार का जादू चलते हुई नहीं दिखा. नवादा आसापास के क्षेत्र के छोड़ दें तो यादव वोटरों में बड़ी सेंध लगाने में विनोद यादव सफल नहीं हो सके हैं. खबर है कि विनोद यादव अपनी जाति का तीस फीसदी वोट से ज्यादा काटने में कामयाब नहीं हुए हैं।

## पूर्व राज्य सभा सांसद मोदी के स्वास्थ्य के लिए मा मंगला सै प्रार्थना: डा मनीष



लोकतंत्र की आवाज़

**पंकज मिश्रा**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के स्वास्थ लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा माँ मंगला गौरी शक्ति पीठ में पूजा पाठ कर हवन कर, जल्द स्वस्थ होने की माता रानी से कामना की।इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की सुशील मोदी भाजपा के बड़े नेता हैं, उनके नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा संगठन काफी मजबूती प्रदान किया है, आज लोकसभा 2024 के चुनाव में उनके अनुपस्थिति भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत खल रही है, क्यूंकि उन्होंने सर्वदा भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया है। माता रानी से प्राथना करते हैं की जल्द स्वस्थ होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में पूनः हम सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दें। आज के पूजा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश गिरी, महेश यादव, बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए हैं।

## हर्षोल्लास के साथ निकाली गई भगवान राम की शोभायात्रा, कड़ी –सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर भ्रमण में जुटे श्रद्धालु

लोकतंत्र की आवाज़



**अभय कुमार रंजन**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को प्रखंड के वारिसलीगंज बाजार में श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा एवं श्री राम दरबार की झांकी निकाली गई। फलस्वरूप शहर के सड़कों पर सुबह से शाम वाहनों का आवागमन नगर के बाईपास होकर रहा। वहीं जय श्री राम के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा जैसे–जैसे शहर की गलियों में बढ़ती गई, भीषण गर्मी में भी रामभक्तो का कारवां बढ़ता गया। शोभा यात्रा में पारंपारिक ढोल बाजे के साथ रथों पर सवार राम दरबार की झांकी सजाई गई थी।गिरीडीह से आए कलाकारों ने शंकर भगवान,राम सीता लक्ष्मण,काली माता, बजरंगबली के रूप धारण कर शहर की सड़कों पर शिव तांडव किया। जो बाजार के गुमटी रोड से जयप्रकाश चौक होकर मेन रोड, बलबापर तथा बरबीघा बस स्टैंड से पुनः गुमटी रोड दुर्गा स्थान पहुंचकर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।मौके पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष निरंजन कुमार, उपाध्यक्ष सुरेश पांडेय, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रखंड सत्संग प्रमुख प्रमोद कुमार रब्बानी, बजरंग दल के नगर संयोजक आदित्य वर्मा, विहिप गौरक्षा प्रमुख मनोज कुमार पटेल, बजरंग दल कोषाध्यक्ष अनुराग कुमार के अलावा बजरंग दल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप जीतू, सुमन कुमार, नगर उपाध्यक्ष शम्भू प्रसाद, पूर्व वार्ड पार्षद सन्नी कुमार, संजय कुमार उर्फ मान सिंह, पप्पू कुमार, निरंजन कुमार, नीतीश, गोलू, अमित कुमार, पिंटू चौरसिया, पप्पु वर्मा,जय प्रकाश, अंकुर तथा उज्जवल कुमार सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। पुलिस प्रशासन की रही चाक चौबंद व्यवस्था पकरीबरावां एसडीपीओ महेश कुमार चौधरी तथा थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, शाहपुर ओपी, काशीचक थाने की पुलिस के साथ ही जिला पुलिस बल एवं दंगा नियंत्रक पुलिस, बीएमपी, स्वाट पुलिस बल समेत स्थानीय थाना के चौकीदारों को बड़ी संख्या में डियूटी में लगाया गया था। शांति और सौहार्दपूर्ण शोभायात्रा सम्पन्न करवाने को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बलो एवं दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। इस दौरान जिले के अधिकारियो के साथ सीओ, बीडीओ पंकज कुमार समेत स्थानीय पुलिस काफी सत्रीय देखी गई।

**गिरीडीह के कलाकारों ने बांधा शमा :** गिरीडीह झ. से आये करीब एक दर्जन कलाकारों का दल में से एक हनुमान का आकर्षक स्वरूप में एक खुले मैजिक वाहन पर जय श्रीराम का जयघोष लगा लोगों का खूब मनोरंजन किया। वहीं प्रज्ञा भारती के पास पूर्व वार्ड पार्षद विनय कुमार, झूलन पान दुकान के पास टुनटुन ड्रोलिया के द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी, जबकि बाजार के मूडलाचक के पास शीतल पेय एवं विस्कीट की व्यवस्था की गई थी।

**मुस्लिम युवाओ का रहा सहयोग रहा सराहनीय :**शोभायात्रा के दौरान हिंदुओं के सहयोग में मुड़लाचक निवासी मो इरफान, मो नसीम उर्फ नस्सू, मो शमीम तथा मो इरशाद आदि ने तन–मन से सहयोग करते देखे गए, जबकि कड़ी धूप और गर्मी से बचाव को लेकर नगर के विभिन्न पथों में लोगों द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था देखा गया।

**शोभा यात्रा को लेकर बंद रहे शहर की सभी दुकानें** प्रायोजित शोभायात्रा को लेकर शहर की शत–प्रतिशत दुकान सुबह से लेकर शाम तक बंद रही।बंदे मातरम, जय श्रीराम, जय हनुमान, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम तथा भारत माता की जय आदि आदि के नारों पर युवक नाचते गाते हाथों में महावीरी पताका, भगवा पताका के अलावे राष्ट्रीय झंडा लेकर काफी जोश खरोश के साथ लहरा रहे थे।

## अतरी विधानसभा की महान जनता और कार्यकर्ता बिहार में 40 और देश में 400 के लक्ष्य पूरा करने में जुटे हैं : डॉ. चन्दन यादव

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।**आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर जनता दल यूनाइटेड, बिहार के अतरी विधानसभा प्रभारी ने अतरी के विभिन्न गाँव में संपर्क अभियान चलाया एवं जनता दल यूनाइटेड द्वारा आयोजित खिजरसराय प्रखंड बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जहाँ डॉ. यादव का प्रखंड अध्यक्ष पिंकी कुमारी जी एवं पंचायत अध्यक्षयों ने अंग वस्त एवं फूल माला से स्वागत किया है ।डॉ. यादव ने संगठन के विभिन्न स्तर पर समीक्षा किया एवं उपस्थित सभी जदयू नेताओं के बातों को गंभीरता से सुना, सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से एक स्वर में कहा कि हमारे नेता श्री नीतीश कुमार जी है एवं उनको मजबूत करना हम कार्यकर्ताओं का प्रथम लक्ष्य है ।इस मौके पर डॉ. यादव ने कहा कि पिछले बार हम सभी पूरे बिहार के कार्यकर्ता ने पूरी ईमानदारी से नेता के कार्यों को जनता तक पहुंचाया था, जिसका परिणाम रहा कि पूरे बिहार से जनता मालिक का आशीर्वाद मिला और एनडीए ने 39 सीट जीता था इस बार हम सभी मिल कर अपने नेता के नारों को साकार करेंगे और देश के 400 सीटों में बिहार से 40 के 40 सीट जनता के आशीर्वाद जीता के भेजेंगे ।

विधानसभा प्रभारी डॉ.यादव ने सभी नेताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कार्यकर्ता के लिए पार्टी माँ के समान होती है जो अपने कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करती है एवं उसको यह अधिकार देती है की वो सशक्त हो कर सामाजिक रक्षा कर सकें, इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी मिल कर पार्टी को मजबूत करें। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे नेता आदरणीय नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में जो योगदान किया है उसे राजनीतिक भावना में लोग जो कह लें मगर उसको कोई दरकिनार नहीं कर सकता एवं राष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर जो देश की छवि बनाई है और देश को मजबूत करने का जो प्रयास किया है उसे बिहार और देश देख रहा है, सभी कार्यकर्ता इन कामों को ले कर जाए और जनता से उनका आशीर्वाद मांगे, इन बार बिहार से 40 से 40 सीट हम सभी जनता के आशीर्वाद से जीत रहें है।

## नवादा में यात्री से भरी टेंपो में मालगाड़ी ने मारी टक्क, एक की मौत व दर्जनभर लोग जख्मी

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में गया –किउल रेलखंड पर मालगाड़ी के चपेट में आने से टेंपो पर सवार लगभग दर्जनभर लोग जख्मी हो गए ,जिसमें एक महिला की मौत हो गयी है। सभी जख्मी एक हीं परिवार के बताए गए हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी जख्मी का इलाज नवादा सदर अस्पताल में किया जा रहा है वहीं टेंपो का परखचे उड़ गए। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मचा हुआ है। यह घटना नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के चातर हॉल्ट के समीप गया –किउल रेलखंड पर हुई । बताया गया गई कि रेलवे ट्रैक पार करने के दरम्यान मालगाड़ी की चपेट में आने से ऑटो पर सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। समपार फाटक नहीं रहने के कारण टेंपो ड्राईवर को मालगाड़ी आता दिखा नहीं और रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश की। तभी अचानक मालगाड़ी आ गयी। जिससे टेंपो सहित सभी सवार लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस घटना में सात लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे सदर अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। मृतक महिला की पहचान सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी शंकर कुमार की पत्नी ब्यूटी कुमारी के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि ब्यूटी अपने भाई मुरारी कुमार की शादी में मायके हिसुआ थानाक्षेत्र के अरियन गांव आई थी। जहां 18 अप्रैल को भाई की शादी संपन्न होने के बाद आज सभी परिवार ककोलत गए थे और ककोलत जलप्रपात से स्नान कर सभी ऑटो से अपने घर लौट रहे थे, तभी चातर हॉल्ट के समीप अवैध फाटक को पार करने के दौरान ऑटो और मालगाड़ी की भीषण टक्कर हो गई। जिससे ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## भाजपा –राजद को छोड़ 06 अन्य प्रत्याशियों की हो सकती है जमानत जप्त, जीत का दावा करने वाले भी परेशान

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में पहले चरण का लोकसभा चुनाव 19 अप्रील को समाप्त हो गया। यह चुनाव में परिणाम चौंकाने वाला होगा। जीत का दावा करने वाले प्रत्याशी भी निश्चिंत नहीं है। मतदान का औंधे मुंह गिरना नवादा के मामले में सार्थक उदाहरण है। इस बार नवादा में महज 43.20 प्रतिशत मतदान हुई है । पिछली बार निर्वाचन आयोग ने बताया था कि 49.73 फीसदी मतदान हुआ था। 2019 में जो मतदान हुआ था, उसमें नवादा की हालत खराब थी। इस बार तो नवादा लोकसभा की और भी बुरा हाल है। पिछली बार 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे , जिसमें 07 उम्मीदवार की जमानत राशि भी जब्त हो गई थी। मतलब, वह 07 सम्मानजनक वोट भी नहीं पा सके थे। 2019 में भी एनडीए और महागठबंधन में आमने–सामने की लड़ाई थी। इस बार भी 2024 की लोकसभा चुनाव में वही हालत है। इस बार नामांकन तो 30 हुआ, लेकिन मैदान में भाजपा और राजद दोनों प्रमुख प्रत्याशियों को मिलाकर 08 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे रहे। भाजपा ने यहां से विवेक ठाकुर को मौका दिया है, जबकि श्रवण कुमार महागठबंधन से राजद प्रत्याशी है। वोटिंग के बाद लोगों का कहना है कि लड़ाई में किसी तीसरे की उपस्थिति बहुत मुश्किल है। मतलब 06 प्रत्याशियों की जमानत पर भी आफत है। इसके अलावा, जीत का दावा करने वालों को भी पता है कि हार का अंतर भी बहुत नहीं रहेगा। मतलब, कोई प्रत्याशी राहत में नहीं है, दोनों बड़ी पार्टियों के प्रत्याशी की उहापोह की हालत है।

## कार्यकर्ताओं के निराशा के कारण मतदान का प्रतिशत घटा, रत्नाकर

### वर्तमान के राजनीतिक दौर में पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं के स्थान पर बिचौलिया महत्वपूर्ण

लोक तंत्र की आवाज़




फोटो, साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर

**सिटी रिपोर्टर वारिसलीगंज**

संपन्न लोकसभा चुनाव में 50% से भी अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार राम रतन प्रसाद सिंह रत्नाकर कहते हैं कि बिहार के चार लोकसभा क्षेत्र मगध प्रमंडल के गया, नवादा, औरंगाबाद एवं भागलपुर प्रमंडल के जमुई में संपन्न लोकसभा चुनाव में 50% से कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है य लोकतंत्र के महापर्व में भाग लिया है। लेकिन 50% से अधिक लोगों ने मतदान नहीं किया। यह स्थिति चिंताजनक है। कारण शिक्षा का विस्तार प्राप्त लोगों की संख्या बढ़ी है। तो फिर घटती आस्था क्या बयां कर रही है सभी जानते हैं कि देश की 80 करोड लोगों को मुक्त अनाज प्रदान किया जा रहा है। बड़ी संख्या में किसानों को साल में सरकार द्वारा छह हजार रुपया प्रदान किया जा रहा है। तो बड़ी संख्या में इंदिरा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। सभी योजना व्यक्तिगत लाभ की योजना है। इसके अलावा नल जल योजना एवं बिहार में खासकर छात्राओं को 25 और 50000 का प्रोत्साहन राशि दिए जाने के बाद भी लोकतंत्र के महापर्व के प्रति नागरिकों के उपेक्षा के भाव के कारण क्या है। इसकी पड़ताल जरूरी है इस बार के लोकसभा चुनाव में बिहार के चारों क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के भाव स्पष्ट हुआ कि वह अपने–अपने दल और अपने–अपने नेताओं से प्रसन्न नहीं है। हमने वह दिन भी देखा जब कार्यकर्ता अपने नेता दल और नीति के प्रति वफादार रहकर भूखे प्यासे गर्मी और जाड़े के मौसम में लगातार सक्रिय रहकर काम करते थे। बिना किसी लाभ और लोभ के हर ढंग के कार्यकर्ता अपने दल के लिए जोरदार प्रयास करते थे। लेकिन अब कार्यकर्ता नामक प्राणी विलुप्त हो गई है। बिहार में जो 33 साल से पिछड़ा अगड़ा की बात बोलकर राजनीति कर रहे हैं। उन सभा सभी दलों में कार्यकर्ता की संख्या अधिक विलुप्त हुई है। सभी दलों में बिचौलिया नामक नया वर्ग सक्रिय है और लाइसेंस, ठेका, सरकारी धन और व्यवस्था को हड़पने वाले वर्ग ने एक तरफ से लोकतंत्र की आत्मा को घायल कर दिया है। लाभुक वर्ग की बड़ी आबादी पलायन कर चुकी है। तो मध्यम वर्ग छोटे किसान छोटे व्यापारी वर्ग के लोगों को वर्तमान की नेतृत्व के प्रति आस्था का अभाव है। इन कमी के कारण जनता मतदान के महत्व को अस्वीकार कर रही है। राजनीति में व्यक्तिवाद परिवारवाद के शक्ति संपन्न होने और चुनाव महंगा होते जाने के कारण जनमानस में यह भाव आया है कि चुनाव गांठ के पके लोगों का खेल रह गया। साधारण और सामान्य व्यक्ति पार्टी के प्रति समर्पित रहकर भी कुछ नहीं प्राप्त कर सकता है। इसलिए वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था से कार्यकर्ताओं का मोह भंग हुआ है। बिहार में संपन गया ,नवादा ,औरंगाबाद और जमुई क्षेत्र में जिन उम्मीदवारों के जीतने हारने की बात है उनमें अधिकांश उम्मीदवार मात्र 15 साल के अंदर करोड़पति हुए हैं। चर्चा तो यह भी है कि कुछ उम्मीदवारों ने करोड़ों का चंदा देकर टिकट प्राप्त किया है। इस ढंग की चर्चा के कारण कार्यकर्ताओं की निराशा और बढ़ रही है। पगडंडी के आसपास में अलख जगाने वाले पुरुषार्थी कार्यकर्ताओं के घर बैठने की स्थिति में लोकतंत्र के कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### देवरिया में खेत में लगी आग, किसान की जलकर हुआ मौत



सोनू
देवरिया। मौसम में काफी गर्मी होने के कारण और दवाओं का तेज रफ्तार होने के कारण अक्सर किसानों को इसका परिणाम भुगतना पड़ता है और उनके खेत बर्बाद हो जाते हैं जिसके कारण किसानों को काफी कष्ट होता है और यह हर साल होता रहता है और फायर ब्रिगेड के आते-आते आपके लगते इतनी तेज हो जाती है कि कई गांव के कई एकड़ खेतों को वह बर्बाद कर देते हैं कल भी ऐसे ही एक हादसा हुआ ' तेज हवा के कारण फैली आग, दूसरे गांव तक पहुंची, लेट पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी देवरिया में गुरुवार को आग लगने से सैकड़ों एकड़ गेहूं कि फसल जलकर राख हो गई। वहीं गेहूं कि फ़सल में लगी आग को बुझाते समय 72 वर्षीय किसान कि जलने से मौत हो गई। जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बलियवा गांव में गुरुवार दोपहर में आग लग गई। आग ने देखते-देखते विकराल रूप ले लिया और बगल के गांव गौरा में भी पहुंच गयी।

### संजय यादव का साथ सैकड़ो लोग शामिल हुए बैठक में



सोनू
सिकंदरपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व संजय यादव ने आज भाजपा नवानगर मण्डल की बैठक में शामिल हुआ। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त मण्डल संयोजक क्षितिज प्रताप सिंह जी ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अरविन्द राय, मण्डल प्रभारी मनोज मिश्रा, जयनाथ कुशवाहा, सतेंद्र राजभर, अरविन्द राय, अनिल पाण्डेय, ध्रुव नारायण सिंह उर्फ पिंटू, राजेंद्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष आकाश तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अरुंजय चौहान, हरिहर राजभर, बागेश्वर नाथ दुबे, सोनू वर्मा, दीनबंधु राजभर, मण्डल पदाधिकारीगण, शक्ति केन्द्र प्रभारी/संयोजक, बूथ अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

### 14 वर्ष की नाबालिक के साथ जबरदस्ती ब्याह



विनय
सोनभद। सोनभद्र के पन्नूगंज थानाअंतर्गत एक गांव में बीती रात पुलिस और चाइल्ड लाइन ने छापेमारी कर लड़की को बाल गृह बालिका के सुपर्द कर दिया। लड़की की उम्र के सबंध में परिजन कोई भी सही दस्तावेज नहीं दिखा पाए। ऐसे में लड़की को कब्जे को पुलिस की मौजूदगी में चाइल्ड लाइन थाने लाई थी। उसकी शादी घर वालों ने तय कर दी थी। जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि लड़की की उम्र 14 वर्ष है और घर वाले इस बात को छुपकर उसका विवाह करवा रहे थे। क्योंकि इसके साथ शादी हो रही थी वह उन्हें बकायतें धन दे रहा था और उसे उसे बच्ची से बच्चा की उम्मीद रखा था इसलिए उसके घर वाले छुपा कर उसका ब्याह रचा रहे थे पुलिस को इस बात की जानकारी हुई तो यह पूरा मामला चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को सूचना मिली।

# आठवीं फेल खुद को डिप्टी एसपी बताकर करता रहा यह काम, युगल की बनाई ऐसी वीडियो और खूब किया ब्लैकमेल

लोक तंत्र की आवाज

विजय

**लखनऊ।** दुबग्गा में आम्रपाली रोड के जंगल में घूमने वाले प्रेमी युगल की वीडियो बनाकर, दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने, एन्काउंटर की धमकी देकर रुपयों की वसूली करने वाले गिरोह के चार लोगों को ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना मो. शकील आठवीं फेल है। वह खुद को डिप्टी एसपी बताता था। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में रायबरेली के महाराजगंज राघवपुर का मो. शकील, मलिहाबाद मुड़ियारा का वीरेंद्र रावत, सीतापुर थानगांव तिलनिया पुरवा का रहने वाला राजू निषाद और पानदरीबा छंदुईया का मो. आरिफ है। आरोपितों के पास से कार में तीन किलो गांजा, चार मोबाइल, कार और एक डंडा बरामद किया गया है। शुक्रवार रात वारिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वारिस परिचित महिला के साथ बाइक से दिन में घूमने निकले थे। राजू निषाद और आरिफ ने वीडियो बनाकर उनको धमकाया और 4500 रुपये ले लिए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। वीडियो बनाकर धमकाते था शकील इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि राजू निषाद और मो. आरिफ पहले जंगल के आसपास घूम रहे अथवा छुपकर बैठे प्रेमी युगल का चुपके से वीडियो बना लेते थे। इसके बाद उनके पास जाकर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने अथवा जेल भेजने की धमकी देते थे। जब प्रेमी युगल बदनामी के डर से गिड़गिड़ाने लगते थे। मो. आरिफ कहता था कि अब साहब (शकील) से बात करनी पड़ेगी। शकील को वह फोन करके जानकारी देता था। शकील कार में पीछे बैठकर पहुंचता था। वीरेंद्र गाड़ी चलाकर आता था। करीब डेढ़ फिट का डंडा लिए हुए पुलिसिया अंदाज में गालियां देते शकील उतरता था। जेल भेजने की धमकी देता था। फिर दो से पांच हजार रुपये अथवा इससे अधिक पर मांडवाली होती थी। रुपये लेकर यह लोग रफूचक्कर हो जाते थे। बदनामी के डर से प्रेमी युगल शिकायत नहीं करते थे।

आरोपितों के पास से कार में तीन किलो गांजा, चार मोबाइल, कार और एक डंडा बरामद किया गया है




## सुगंधा की जुबानी डीडी न्यूज के लोगो का रंग नारंगी होने पर सवाल




लोक तंत्र की आवाज

विनय
**वाराणसी।** सुगंधा ने कहा- दूरदर्शन का भगवाकरण हुआ, ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती है पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग नारंगी कर दिया है। इस पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती के पूर्व उएड जवाहर सरकार ने कहा कि दूरदर्शन का भगवाकरण हो गया है। अब ये प्रसार भारती नहीं, प्रचार भारती हो गया है।

16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का। वहीं वढअ सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का सरकार का प्रयास है। ऐसे कदम देश के पब्लिक ब्रॉडकास्टर की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं।

## देवरिया में सड़क हादसे में युवक की मौत



लोक तंत्र की आवाज

सोनू
**देवरिया।** तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर पिकअप वाले अपने गाड़ी को कहीं से भी निकलने की कोशिश करते हैं वह अपनी गाड़ी की रफ्तार को धीमा नहीं कर रहे हैं जिसके कारण हादसा का शिकार बनना पड़ता है आम आदमी को पुलिस ने पिकअप वाले को पकड़ लिया है और देवरिया के सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर महदहां चौराहे पर तेज रफ्तार पिकअप ने राह चलते एक युवक को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 2024 भदोही की राजनीतिक में बढ़ रहा बिना बिरादरी का दबदबा वोट बैंक को भूलने में राजनीतिक दल

लोक तंत्र की आवाज

विनय
**भदोही::** 2024 भदोही की राजनीतिक में बढ़ रहा बिना बिरादरी का दबदबा वोट बैंक को भूलने में राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव में भी राज्य गठबंधन ने फिर बिना प्रत्याशी को दिया टिकट जातियों के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए राजनीतिक दल चल रहे अपनी चाल पूर्वांचल के बाहुबली विजय मिश्रा को हराकर निषाद पार्टी ने मजबूत की पकड़ लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल बज चुकी है भदोही लोकसभा सीट पर जातियों की गणित दिलचस्प हो गई है इस सीट पर भिंड बिरादरी का दबदबा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है बिना निषाद और मल्लाह जैसे पिछड़ी जातियों के समर्थन के बूते लोकसभा तक पहुंचाने के लिए राजनीतिक दल अपनी अपनी चाल चल रहे हैं राज्य गठबंधन ने एक बार फिर बिन प्रत्याशी पर भरोसा जाते हैं सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिर्जापुर के माधव से विधायक रहे डॉक्टर विनोद बिना को उम्मीदवार बनाया है डॉक्टर विनोद बिन मतदाताओं को अपने पाले में लाने में की जान से जूते जुट गए हैं कार्यकर्ताओं की टीम के साथ लगातार क्षेत्र में जल सरपट कर रहे हैं गठबंधन को उम्मीद है इस बार की भी राजनीतिक समीकरण को भेजने में यह गांव सटीक बैठेगा हालांकि यह तो वक्त ही बताएगा।



# बटवा जिलाध्यक्ष चंदौली का भतीजा 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप पर रहा

लोक तंत्र की आवाज

सोनू
**चंदौली।** सटीक संवादरविवार, अप्रैल 21, 2024 घर पर बधाईयां और शुभकामनाएं देने वालों का लगा रहा तांता चन्दौली। बटवा जिलाध्यक्ष चंदौली रामदिलास का भतीजा राज कुसुम विलास अंश ने यू. पी. बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में 558/600, 93% अंक प्राप्त कर अपने कालेज मोदीनगर इंटर कालेज मुगलसराय में टाप पर रहा।विद्यालय परिवार सहित एस सी/एस टी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन चंदौली टीम के पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उसके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। राजकुसुम इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है। वह आईएस के क्षेत्र मे जाकर देश सेवा करना चाहता है। दिलास ने बताया कि मोदी नगर इण्टर कॉलेज में ही उनकी भतीजी यशश्वी कुसुम विलास यशी₹ ने भी क्लास 7ₑ में अपने विद्यालय में टॉप किया। ₹यशी₹ चिकित्सा के क्षेत्र में डाक्टर बन कर समाज की सेवा करना चाहती है। आज दोनों बच्चों की इस सफलता पर उनके पिता रामबिलास ने ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उनके कैरियर के क्षेत्र में सफलता दिलाने का संकल्प लिया। वहीं उपस्थित लोगों ने दोनों बच्चों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया शुभकामनाएं और बधाई देने वालों में जिला संरक्षक ओमप्रकाश भारती, लल्लन कुमार, सत्यप्रकाश भारती, प्रेम प्रकाश त्यागी, कृष्ण मोहन, जितेंद्र चौधरी, ज्ञान चंद्र कांत एवं विद्यालय परिवार शामिल रहा।



## एनएमजी इंटर कॉलेज का हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट का परिणाम रहा बेहतरीन

लोक तंत्र की आवाज

सोनू
**सिकंदरपुर ::(बलिया)।** स्थानीय एनएमजी इंटर कॉलेज का हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट का परिणाम शत प्रतिशत रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शनिवार को 2:00 बजे रिजल्ट की घोषणा की, जिसको लेकर हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं में खांसा उत्साह देखा गया। वहीं विद्यालय में भी छात्र-छात्रा तथा अभिभावक पहुंचे हुए थे।

एनएमजी इंटर कॉलेज के हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय के मैनेजिंग इंचार्ज नजरुल बारी के द्वारा छात्र-छात्राओं को मेडल, कप तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं को मेडल, कप तथा प्रशस्ति पत्र के देने के बाद उन्हें मिठाई खिलाकर उनको शुभकामना दिया गया। हाई स्कूल में अच्छा अंक लाने वाली छात्राओं में अलिफा इमाम 78%, अलीशा 76%, मुस्कान खातून 76%, आरजू खातून 75%, मिदहत 76% तथा वशिफा रसीद 75% अंक प्राप्त किया है, जबकि इंटरमीडिएट में सायमा परवीन 77%, शिफा मुस्ताक 76%, आलिया परवीन 71% तथा हलीमा सादिया 70% अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष शर्मा सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। प्रधानाचार्य संतोष शर्मा ने बताया कि एंएमजी इंटर कॉलेज क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले में अपना एक स्थान बनाए हुए हैं, कारण की इस विद्यालय की छात्राओं ने हर साल अपना सत्र प्रतिशत परिणाम दिया है।



## परिजनों संग स्नान करने गया बालक गंगा में डूबा





लोक तंत्र की आवाज़

**चहनियां (चंदौली)।** बलुआ थाना क्षेत्र के सराय के दुल्हिया घाट पर परिजनों संग स्नान करने आया 12 वर्सीय बालक अर्पित चौबे गंगा में डूब गया। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीण इक्कठा हो गये। वह अपने ननिहाल में अपने मौसी की गोद भराई में आया था। मौके पर पुलिस व प्राइवेट गोताखोर लगे रहे।

बगही गांव के रहने वाले राम अवध चौबे का पुत्र कक्षा 6 का छात्र है। रामअवध चौबे का निजी बिद्यालय चलाते है जिसमे अर्पित पढ़ता है। वह बलुआ सराय गांव में अपने नाना गोपाल पाण्डेय के घर आया था। शनिवार को उसके मौसी का गोद भराई था। रविवार को सुबह अपने मां, नानी व अन्य परिजनों संग सराय के दुल्हिया घाट पर स्नान करने गये। गंगा में पांव फिसलने पर वह चिल्लाने लगा। देखते ही देखते वह गहरे पानी मे चला गया। घाट पर ग्रामीणो की भीड़ इकठ्ठा हो गयी। मौके पर बलुआ पुलिस भी पहुच गयी। प्राइवेट गोताखोर शव की तलाश में लगे रहे। जाल बिछाकर शव को तलाशते रहे। पिता रामअवध, माता, अनिता देवी, बड़ा भाई किशन, बहन श्रेया, नाना, नानी व अन्य परिजनों का रोकर बुरा हाल रहा।

# लखनऊ : प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा जाने की तिथियों की घोषणा

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना शुक्ला
**लखनऊ:** लोकसभासामान्यनिर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक 21 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा 20 अप्रैल को चतुर्थ चरण में 09 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाधौरहरा में 01, फर्रूखाबाद में 01, इटावा में 01, कानपुर में 03, अकबरपुर में 02, बहराइच में 01 प्रत्याशियों ने नामांकन किया नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैलचतुर्थ चरण में 13 मई को होगा मतदानप्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 21 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। 20 अप्रैल को 09 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 20 अप्रैल को चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र भरा गया, उसमें- 29-धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी जिसमें बहुजन समाज पार्टी से श्याम किशोर अवस्थी, 40-फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी जिसमें बहुजन क्रांति पार्टी (मार्क्सवाद अम्बेडकरवाद) से रंजीत सिंह, 41-इटावा (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी जिसमें भारतीय जनता पार्टी से रामशंकर कठेरिया, 43-कानपुर लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशी जिसमें सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट) से वालेन्द्र कटियार, इंडियन नेशनल काँग्रेस से आलोक मिश्रा तथा भारतीय जनता पार्टी से रमेश अवस्थी द्वारा नामांकन पत्र भरे गये। 44-अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशी जिसमें राष्ट्रीय उत्थान पार्टी से रामगोपाल तथा सभी जन पार्टी से अशोक पासवान द्वारा नामांकन पत्र भरे गये। 56-बहराइच (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी जिसमें राष्ट्र धारक दल से रिंकू साहनी द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, 2024 (बृहस्पतिवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल (शुक्रवार) को की जायेगी। 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई, 2024 (सोमवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी।



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों खूब चली लाठियां मामला दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर -भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत मिल्की गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चली की घटना सामने आया है।दोनों पक्षों के द्वारा बिहपुर थान में आवेदन देकर कर्स दर्ज कराया हैं ।वहीं प्रथम पक्ष की अनीता देवी ने पांच लोगों को नामजद करते हुए आरोप लगाया है कि मेरे साथ घर में घुस कर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के अनील शर्मा ने आवेदन में नो लोगों को नामजद करते हुए आरोप लगाया है।मेरे द्वारा अंचलाधिकारी को जमीन नापी के लिए आवेदन दिया गया है। उसके बावजूद मेरे साथ मारपीट किया गया।मेरा इलाज बिहपुर सीएएचसी में किया गया।इधर बिहपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों पक्ष की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं जांच कर कार्रवाई कि जाएगी। दोषी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी 2 ने किया सभा स्थल की जॉच



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के राम सुंदर उच्च विद्यालय खवासपुर के खेल मैदान में ,बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतराम माझी, राम विलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार आज एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार के चुनाव प्रचार करने हेतु खवासपुर विद्यालय के खेल मैदान पर आने वाले हैं।सभा स्थल पर, एस डी पी ओ 2 अर्जुन कुमार ने पीरपैंती थाना प्रभारी नीरज कुमार के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया। हेलीपैड निर्माण सहित अन्य कार्यों का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं को कुछ महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

### विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटनाओं में आठ लोग घायल

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों में पचुआ गांव की सनारो देवी, गजेन्द्र मांझी, चनचौरा गांव की तवसुम खातून, असहनी मठिया गांव के गुंजेश कुमार भारती, राजकुमार भारती, अवधेश भारती व हरिश कुमार भारती शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


# नगर पंचायत बरहरवा के कचरे के कारण बरहरवा वासीयों का जीना हुआ दुश्वार : बरकत खान

लोकतंत्र की आवाज



बरहरवा। बरहवा नगर पंचायत के कचरे को बाजार से महज कुछ ही दूरी पर खुले में फेंक दिए जाने के कारण कचरे से निकलने वाली धुआ और प्रदूषण तथा बैक्टीरिया जनित बीमारी से बाजार वासियों का जीना एवं राहगीरों का आना-जाना दुश्वार हो गया हैनगर पंचायत का कचरा पिछले करीब दो-तीन साल से बरहरवा हाई स्कूल चौक से कुछ ही दूरी पर करीब आधा किलोमीटर में एन एच पर बिखरा पड़ा है जहां से पनपने वाले कचरे कई बार लोगों को जानलेवा बीमारी से भी ग्रसित कर चुका हैगर्मी के मौसम में किसी न किसी कारण से कचरे में आग लगा दिया जाता है जिसे निकालने वाले धुएं पूरे बरहरवा बाजार से लेकर आसपास के इलाकों में फैलता रहता हैयह धुआं ना सिर्फ बरहरवा वासी बल्कि मुख्य पथ से होकर गुजरने वाले जिले के आला अधिकारी से लेकर अमराहागीरों के लिए भी कई बार परेशानी का सबब बन जाता हैवर्षा ऋतु में तो इस कचरे से निकलने वाली बदबू के कारण बरहरवा के पूर्वी इलाके से लेकर आधे बाजार तक के लोगों का हाल बेहाल हो जाता हैसवाल यह है कि क्या नगर पंचायत के कचरा को एकत्रित कर किसी एक गड्ढे में गिर कर ढांक दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है? और यदि है तो कियुं ऐसा नहीं किया जाता है । खुले में कचरा गिरने वालों को क्या कभी दंडित किया गया है?बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा का जो अपशिष्ट पदार्थ है उसे भी कभी-कभी मुख्य सड़क के किनारे खुले में फेंक दिए जाने को लेकर के बाद विवाद भी उत्पन्न हुआ है, इसके बावजूद भी यह सिलसिला लगातार जारी हैजबकि सरकारी नियम यह कहता है कि नगर पंचायत के अधीन पढ़ने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अपशिष्ट पदार्थों को किलो के हिसाब से बेच दिए जाने का प्रावधान है ताकि उसे जमीन के नीचे दफन दिया जा सके एवं उसके प्रकोप से बचा जा सकेपर शायद ही यहां के अस्पताल के कचरे को कहीं बेचा जाता है ,अक्सर तो लोग यही शिकायत करते हैं कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के कचरे की तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अपशिष्ट पदार्थ एवं कचरा को भी लाकर बरहरवा बाजार के पूर्वी क्षेत्र में खुले में फेंक दिया जाता है जिसके कारण कई बार लोगों को भयंकर बीमारी होने की आशंका बनी रहती हैपिछले कई दिनों से मुख्य सड़क पर नगर पंचायत के कचरे में आग लगा दिया गया है, जिस कारण से यहां आने जाने वाले राहगीर घबराते हैं कि कभी कोई दुर्घटना ना हो जाऐ और वह बीमार ना पड़ जाए अब जबकि चुनाव का समय है ऐसे में जिले के आला अधिकारी इस पथ से होकर निरंतर बंगाल बॉर्डर की ओर आते जाते रहते हैं ऐसे में रोड किनारे लगी कचरे में आग के कारण कभी भी अन होने की स्थिति बनी रहती हैनगर पंचायत से लाकर मुख्य पथ पर गिराए जा रहे कचरे को लेकर अब इलाके के लोगों में आक्रोष बड़ता दिख रहा है और लोग इसका खुलकर विरोध करने लगे हैं इसे लेकर विधायक आलमगीर आलम के प्रतिनिधि बरकत खान एवं अशोक दास ने भी कई बार आवाज बुलंद किया थोआम लोगों का कहना है कि कहीं भी नगर पंचायत के कचरे को इस तरह से खुले में नहीं फेंका जाता तो फिर यहां ऐसा कियूं`एक और जहां स्वास्थ्य विभाग आम जनजीवन को रोग मुक्त करने के लिए कई प्रकार के योजनाएं चला रही है ऐसे में नगर पंचायत बरहरवा का कचरा दूसरे ओर से लोगों को बीमार बनाने का कारण बनता जा रहा है यदि इस पर रोक नहीं लगाया गया तो वह दिन दूर नहीं जब इसके भयावह परिणाम देखने को मिलेंगे और लोगों का जीना शायद दुश्वार हो जाएगोइस संबंध में जब नगर पंचायत के विभागीय पदाधिकारी से खुले में कचरा गिरये जाने का कारण पूछने के लिए संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण यहां उसका पक्ष नहीं रखा जा सको

## फुचटी कला में बनेगा उच्च माध्यमिक विद्यालय का बहुमंजिला भवन



**लोकतंत्र की आवाज ब्यूरो**

एकमा (सारण)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा प्रत्येक पंचायत में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय की महात्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है। इसके तहत एकमा प्रखंड के फुचटी कला पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रस्तावित है। इस प्रस्तावित उच्च माध्यमिक विद्यालय फुचटी कला का संचालन भवन एवं भूमि के अभाव में अस्थाई रूप से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मध्य विद्यालय मानिकपुर में किया जा रहा हैं।

बताया गया है कि योजना के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय फुचटी कला का भवन फुचटी कला में होना चाहिए। लेकिन जिस भूमि पर भवन निर्माण प्रस्तावित था, उसी भूमि पर अंचलाधिकारी, एकमा द्वारा पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु आवंटित कर दिया गया था। इस पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए इस संदर्भ में एक शिकायत बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहद प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल के यहां दर्ज की गई इस शिकायत पर सुनवाई कर सापेक्ष में सारे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल ने अंतिम आदेश जारी कर लोक प्राधिकार- सह- जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सारण एवं अंचल अधिकारी, एकमा को निर्देशित किया है कि पंचायत भवन का निर्माण किसी अन्य जगह पर कराया जाय। क्योकि उक्त भूमि के बगल में ही स्थाई रूप से मध्य विद्यालय फुचटी कला का संचालन होता है। यदि प्रस्तावित भूमि पर उच्च माध्यमिक विद्यालय फुचटी कला का निर्माण हो जाए तो बेहतर है। इसलिए उस भूमि को उच्च माध्यमिक विद्यालय फुचटी कला के निर्माण के लिए उपलब्ध कराई जाए। इस आदेश के बाद स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर खुशी की लहर है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रमंडलीय आयुक्त, सारण प्रमंडल, विधायक श्रीकांत यादव, सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पाण्डेय, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मनबोध कुमार सिंह आदि ने प्रमंडलीय आयुक्त, जिला प्रशासन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी, अंचलाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारों के प्रति आभार व्यक्त किया है। बहरहाल, उम्मीद जताई जा रही है कि सिगरेट उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के छात्राओं को पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो जाएगी।

## बिजली के अभाव में पानी सपलाय बंद, मचा हाहाकार



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के मौल टोला में बिजली नहीं रहने के कारण पानी की सपलाई बंद है।लोगो मे हाहाकार मचा हुआ है। इसका असर पीरपैंती, बसंत पुर सहित आसपास के गांवो में भी पड़ा है। दिन के 2 बजे तक लाइन नही आया है।पानी के बिना लोगो का जीना मुहाल हो गया है। बिजली विभाग के जे ई से बात कर लाइन चालू करवाने की बात चल रही है। कुछ समय मे लाइन चालू किया जाएगा।

## मतदाता जागरूकता हेतु लियो क्लब छपरा टाउन ने शहर में निकाली रैली

लोकतंत्र की आवाज




**शकील हैदर ब्यूरो**

छपराः लियो क्लब छपरा टाउन और छपरा टुडे के संयुक्त तत्वावधान में छपरा शहर में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ छपरा अनुमण्डल पदाधिकारी श्री संजय कुमार राय, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक लायन डॉ एस के पाण्डेय, लायन सुशील वर्मा, लायन विकास गुप्ता, लायंस गोविंद सोनी, लायन रणधीर जयसवाल ने हरी झंडी दिखा कर किया। मतदाता जागरूकता रैली का अध्यक्षता लियो अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने किया। लियो क्लब के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली आयोजित करने पर सदर अनुमण्डल अधिकारी श्री संजय राय ने सराहना करते हुए कहा की नव युवकों के द्वारा नवयुवा मतदाताओं सहित अन्य लोगो को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना बहुत जरूरी है, एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। वही नेत्र चिकित्सक लायंस के पूर्व जिलापल डॉ एस० के० पाण्डेय ने लियो क्लब तमाम सदस्यो के द्वारा आज मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ये संदेश देने का काम किया गया है की हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें । वही छपरा टुडे के संस्थापक सुरभित दत्त ने कहा की लियो सदस्यो के साथ हमलोग भी हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते है, मेरा मनाना है की कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए खड़े हुए हैं, हमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमारे संविधान निर्माता पर हमे गर्व है। लियो मनीष कुमार मनी ने कहा कि आज के परिवेश में हमे मतदान के दिन अपने मतों का प्रयोग करना हमारे लिए बहुत महत्पूर्ण है। हमारा वोट ही हमारा भविष्य तय करता है। लियो क्लब छपरा टाउन और लियो क्लब छपरा सारण के सदस्यो के साथ गाइड लाइन केमेस्ट्री क्लासेज के बच्चो ने ₹पहले मतदान करे, फिर जलपान करें₹, ₹बच्चा बच्चा करें पुकार, वोट डालना है हमारा अधिकार₹ , ₹लोकतंत्र की है पहचान, मत मतदाता और मतदान₹ जैसे नारों के साथ छपरा शहर में रैली निकाल मतदाता को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता अभियान रैली में लायन कुंवर जयसवाल, लायन मयंक जयसवाल, लायन सतीश चंद्रा,लायन अमर गुप्ता, लायन साकेत श्रीवास्तव, लियो अमित सोनी, विकास, अभिषेक, शबाना खातून, लक्ष्मी सिंह, सर्वेश रंजन, मो सलमान, शुभम सिंह लियो सदस्यो की मुख्य भूमिका निभाई ।

## भाजपा का संकल्प पत्र पुरी होने की गारंटी की मोदी की गारंटी

लोकतंत्र की आवाज



**शकील हैदर ब्यूरो**

आज भाजपा सांसद कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय पैनललिस्ट धनंजय गिरिं ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है भाजपा के संकल्प पत्र की पूरी होने की गारंटी की गारंटी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी है आज समूचा देश नरेंद्र मोदी जी के साथ है कभी भारत का विशेष पार्टी आने वाले दिनों में शेष हो जाएगी और उसका अवशेष इतिहास के पन्नों में खोजना पड़ेगा और आज कांग्रेस सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है इन लोगों का इंडी गठबंधन पूर्णतः ध्वस्त हो चुका है भाजपा प्रत्याशियों से कहीं लड़ाई नहीं है भाजपा देश में 400 से भी ज्यादा सीटों पर जितने जा रही है सारण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी और भाजपा के राष्ट्रीय नेता राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूढ़ी निश्चित तौर पर इतिहास बनाएंगे 2 लाख से ज्यादा मतों से सारण की जनता उन्हें जीताकर संसद में नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगी दूसरी तरफ महाराजगंज भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की लोकप्रियता से घबराकर विपक्षी दलों में कोई प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी से लड़ने के लिए तैयार नहीं आज तक वहां विपक्षी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई भाजपा विकास की राजनीति करती है निश्चित तौर पर देश के साथ-साथ सारण एवं महाराजगंज अभूतपूर्व विकास के कार्य हुए अकेले सारण में 36000 करोड रुपए की योजनाएं धरातल पर चल रही बड़े शहरों की तरह सारण में चारों तरफ गांव-गांव तक गैस पाइपलाइन पहुंच चुकी है पूरे देश में सारण ऐसा क्षेत्र है जहां सबसे ज्यादा ठँ की सड़कें हैं । आज सारण बड़े-बड़े शहरों के तर्ज पर बहुत ज्यादा विकास कर रहा है और निश्चित तौर पर सारण की जनता सारण के बेटे राजीव प्रताप रूडी को अत्यधिक मतों से जीताने का कार्य करेंगी । आज के पत्रकार वार्ता में धनंजय गिरी साथ महामंत्री विवेक कुमार सिंह , जिला मंत्री सत्यानंद सिंह, अर्धेन्धु शेखर, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह , मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार रिंकू, शत्रुघ्न चौधरी, कार्यालय प्रभारी कमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिट्टी लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। कहलगांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने आज रविवार अहले सुबह पीरपैंती थाना अंतर्गत पकड़िया गांव के पास दो ओवरलोडेड ट्रैक्टर को पकड़ा। अग्रेतर कार्यवाही के लिए पीरपैंती थाने के हवाले कर दिया । छापामारी के वक्त पीरपैंती अंचल पुलिस निरीक्षक और पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार भी साथ थे । ट्रैक्टर पर पत्थर लदा हुवा था । पुलिस को देखते ही ड्राइवर भाग गया।समाचार प्रेषण जाने तक ट्रैक्टर मालिक मॉल का कोई कागजात पुलिस के समक्ष पस्तुत करने नही पहुंचा था । ज्ञात रहे की कहलगांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की क्षेत्र काफी विस्तृत होने के कारण हाल फिलहाल राज्य सरकार के निर्देश पर कहलगांव अनुमंडल में एक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है, जो पीरपैंती में प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित कार्यालय में बैठते हैं। राज्य सरकार और बिहार पुलिस मुख्यालय क्राइम कंट्रोल करने के उद्देश्य से बिहार के बड़े अनुमंडलों को दो भागों में विभक्त कर एक नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की नियुक्ति की है । कहलगांव में नव सृजित पद को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,एसडीपीओ कहलगांव 2 के नाम से जाना जाता है ।

## मनरेगा योजना में कुआं की खुदाई में बरती जा रही लापरवाही विभाग मौन

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। मजदूरों को 100 दिन की रोजगार देने की गारंटी को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे महात्मा गांधी रोजगार गारंटी एक्ट के कार्य में बरहरवा प्रखंड मे खुलकर लापरवाही बरती जा रही है `जबकि प्रखंड प्रशासन ने बिचौ लिए ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के लिए कई बार कार्रवाई भी कर चुकी है,और वीडियो बरहरवा ने कई बार मनरेगा के कर्मचारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर दिशा निर्देश भी जारी किया हैपर अब आलम यह है कि ,सब कुछ जानते हुए भी प्रखंड प्रशासन के मनरेगा योजना से जुड़े विभाग के कर्मचारी आंख मूंदे हुए हैंजब कहीं से कोई समाचार छपती है, तब विभाग का आंख खुलता है ,और थोड़ी बहुत जांच पड़ताल कर उसका खाना पूर्ति कर दिया जाता हैमनरेगा योजना में गड़बड़ी को लेकर आजसू पार्टी के कार्यकर्ता कई बार प्रखंड से लेकर जिला तक में धरना प्रदर्शन कर चुका है इसके बावजूद भी बरहरवा प्रखंड में मनरेगा योजना की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैआलम यह है कि लाखों रुपए की लागत से किसानो के खेत में पानी तथा मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इन कुआं के निर्माण में 5 नंबर का ईटा 6 नंबर का डासट तथा थोड़ी बहुत सीमेंट तथा बालू डालकर योजना का खाना पुरती कर दिया जाता हैजिस कारण से यह महती योजना बनने के कुछ ही दिन के बाद ढाहकर धारा शायी हो जाता है हालांकि मनरेगा के बीपी ओ बरहरवा ने नियम माफिक निर्माण कार्य किए जाने की बात कही है पर योजना से जुड़े लाभुको का कहना है कि प्रखंड के जिस किसी भी पंचायत में यह योजना संचालित है ,सभी जगह कामों बेस यही स्थिति हैजानकार बताते हैं कि, प्रखंड के बरारी, कालू, तथा आहुतग़म



बटाइल सहित अन्य,पंचायत में नियम को ताक पर रख कर कहीं-कहीं पर 50 फीट तो कहीं 100 फीट के अंतराल में विभागीय सांठ गांठ से सिंचाई कुप का निर्माण किया जा रहा है जो सरासर बिभागीय नियम का उल्लंघन हैमालूम हो कि पिछले वर्ष भी इन सारी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कूप के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर अखबारों में छपी समाचार के आधार पर कई बार जांच पड़ताल भी हुई थी, पर सब कुछ जानते हुए भी मनरेगा के बरहरवा प्रखंड बीपीओ तथा कानीय अभियंता एवं रोजगार सेवक आंख मूंदे हुए हैं इस संबंध में पूछे जाने पर बीपीओ बरहरवा ने बताया कि नियम के मुताबिक कार्य किया जा रहा है जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह दुर्भावना से ग्रसित एवं सच्चाई से परे हैं और तो और उपरोक्त पंचायत में संचालित सिंचाई कुप का एक भी कुप को प्लास्टर नहीं किया गया हैजिस कारण से सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना कुछ ही दिनों में धारा शयी हो जाता हैइससे पहले भी कालू बरारी तथा बटाइल पंचायत में सिंचाई कुप के निर्माण कार्य में बरत जा रही अनियमित को लेकर जिले के उप विकास आयुक्त ने कई बरहरवा प्रखंड के मनरेगा से जुड़े सभी पदाधिकारी को फटकार भी लगाई थीइसके बावजूद भी विभागीय पदाधिकारी के साठ गांठ से किसी भी कुआं को प्लास्टर नहीं किया जाता है `सभी कुआं को बालू के जगह पर डास्ट डालकर जोडाई का कार्य किया गया हैयदि इन उपरोक्त पंचायत में संचालित सभी सिंचाई कुप की विभागीय स्तर पर जांच की जाए तो कई प्रकार के अनियमिताएं उजागर हो सकती हैं और तो और इससे जुड़े प्रखंड स्तर के विभागीय लोग विभागीय जवाब देही के कटघरे में खड़ा हो सकता है।

## नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत आग लगने से चार घर , सारा समान जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर। भागलपुर जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत रायपुर पंचायत के वार्ड नंबर 12 मनोहरपुर गॉव के मुस्लिम टोला में बिजली की सोर्ट सर्किट लगने से चार घर समेत घर में रखे चौकी बर्तन पलंग गोदरेज ट्रंक कपड़ा अनाज नगदी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सुचना पर भवानीपुर पुलिस,नारायणपुर अंचल से राजस्व कर्मचारी,बिहपुर पुलिस दमकल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत बाद आग पर काबू पाया।मुखिया सिंधु शर्मा ने बताया की आग लगने से मनोहरपुर निवासी मोईन अली,सिराज अली,अलीम अली,फरीद अली के घर



समेत घर में रखे सारा समान जलकर राख हो गया।जिससे करीब दो लाख रुपए का क्षति बताया और घटना को लेकर नारायणपुर सीओ से दुरभाष पर बात कर पीड़ीत परिवार को मुआवजा देने की मॉग की है। अगलगी के घटना से अग्नीपीड़ीत परिवार सड़क पर आ गए है। मामले में सीओ सह प्रखंड आपदा पदाधिकारी विशाल कुमार अग्रवाल ने बताया की जॉचोपरांत पीड़ीत परिवार को सरकारी सहायता राशि दिया जाएगा तत्काल अग्नीपीड़ीत परिवार को प्लास्टिक सीट,सुखा राशन मुहैया कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: पुलिस ने एक अपराधी को लोडेड देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। पुलिस ने पताही थाना क्षेत्र के रतनसायर चौक के पास से एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि पूर्वी चम्पारण जिले के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने एक अपराधी को लोडेड देशी कटा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया की गिरफ्तार अपराधी पर पचपकडी ओपी और शिवहर जिले के पीपराही थाना में पहले से कांड दर्ज है। वही इस टीम में पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार, पकड़ीदयाल क्यूआरटी प्रभारी अशोक कुमार साह, पताही दरोगा अजय कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

### नीलगाय के आतंक से किसान परेशान



घनश्यामपुर । प्रखंड में फसलों के दुश्मन नीलगायों ने अब पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़ मैदानी इलाकों का रुख कर लिया है। कई इलाकों में फसलों को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहा है। इसका आतंक इतना बढ़ गया है कि कई भागों में तो किसानों का कमर तोड़ कर रख दिया है। फसल चरने के अलावा उसे रौंदकर तहस–नहस कर दे रहा है। झुंड के झुंड खेतों में विचरण कर रहे इन जंगली जानवरों से किसानों के सामने बचाव के कोई उपाय नजर नहीं आ रहे हैं। फसलों की बबांदी देख किसान बेचैन हो उठे हैं। घनश्यामपुर प्रखंड के समीपवर्ती गांव बुढ़ेब , असमा, रसियारी , जयदेवपट्टी , समेत प्रखंडों के विभिन्न क्षेत्रों के किसान नीलगायों व सांभर के आतंक से परेशान है। चारों तरफ फैले ये जंगली जानवर किसानों के सैकड़ों एकड़ खेत में लगी मूंग , मक्का , समेत अन्य फसलों को चबा चुके हैं जिससे किसान परेशान हो चुका है ।

### घनश्यामपुर : खाना बनाने में लगी आग



घनश्यामपुर । थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घनश्यामपुर के पाली बाजार मच्छहट्टा के पास रविवार की दोपहर खाना बनाने से लगी आग में चार फूस के घर जलकर खाक हो गया। तेज पछिया हवा ने आग में घी का काम किया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जान बचाने के लिए घर के बदहवास लोग इधर–उधर भागने लगे तथा बाजार में अफरा तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गृह स्वामी खाना बना रही थी इसी दौरान आग की निकली चिंगारी से गांव के ही नजमुल होदा का फूस का घर धू धू कर जलने लगा। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखे गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया। धूंओं के गुब्बार तथा आग की लपटे देखकर जुटे ग्रामीणों ने दिलेरी से आग का सामना किया। आग बुझाने के लिए थाने से अग्नि सामान विभाग की दमकल को आक्रोशित ग्रामीणों ने तोड़ फोड़ कर भगा दिया । बताया जाता है कि समाचार संकलन कर रहे एक स्थानीय पत्रकार के साथ उपद्रवी लोगों ने धक्का मुक्की तथा मारपीट की। आसपास के गैरेज से पाइप से तथा चापाकल, गड्ढे से पानी भरकर आग पर काबू पा लिया गया। इस बीच अताउल्लाह, नजमुल होदा, नूर मोहम्मद तथा कमरे आलम का फूस का घर सहित घर का सभी सामान जल गया। ग्रामीणों ने बताया कि अताउल्लाह का मोटरसाइकिल जल गया। नूर मोहम्मद बेटी की शादी की तैयारी कर रहे थे। उनका कूलर, ट्रंक, गोदरेज अलमीरा, जेवरात आदि जलकर खाक हो गया।

# पतिलार ग्राम कचहरी मे 6 विवादित मामलें हुए निष्पादित – सरपंच लालमती देवी पति जगरनाथ यादव

**ग्राम कचहरी में 511 आवेदन प्राप्त है, जिसमें 496 मामलों की निष्पादन कर दिया गया है**



**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

प्रखंड बगहा एक के पतिलार ग्राम कचहरी में रविवार को सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतिलार पंचायत के सरपंच लालमती देवी पति जगरनाथ यादव के द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में 6 विवादित मामलों का किया गया निपटारा ग्राम कचहरी के दौरान मौजूद रहे चौतरवा थाना के एस आई वाल्मिकी प्रसाद सरपंच पति जगरनाथ यादव ने बताया कि ग्राम कचहरी में लगभग 15 मामलें लंबित थे , जिसमें 6 मामलों की निष्पादन किया गया, उन्होंने बताया की ग्राम कचहरी में मार पिट विवाद, जमीनी विवाद , रूपया विवाद सहित विभिन्न प्रकार के विवादों को लेकर फरियादी पहुंचे थे। जो दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादित मामलों की सुलह समझौता कराया गया।उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में 511 आवेदन प्राप्त है, जिसमें 496 मामलों की निष्पादन कर दिया गया है। तथा ग्राम कचहरी न्यायपीठ की 118 बैठकें की गई है, साथ ही 51 हजार 1 सौ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। वही इस बैठक में सरपंच लालमती देवी प्रतिनिधि जगरनाथ यादव उप सरपंच बबिता देवी पति रामजतन यादव , न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन , सचिव उमेश कुमार दूबे , आप्त सचिव ललन राम , २ वाल्मिकी प्रसाद , पंच नुर आलम खां , रामचंद्र साह, रघुबर चौधरी के साथ सैकड़ो की संख्या में परियादी उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट द्वारा लगाया गया आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर




**लोकतंत्र की आवाज**

**बेतिया ।** रविवार के दिन पत्रकारों का संगठन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में सरकार के द्वारा पांच लाख स्वास्थ्य विमा आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों बीपीएल धारक, लेबर कार्ड एवं मनरेगा जाब कार्ड धारकों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनया गया जहां आयुष्मान कार्ड बनवाने आये सोना देवी, वकिल महंतों, राहुल कुमार, रागनी कुमारी, पन्ना देवी, उर्मिला देवी, शिवजी प्रसाद, निर्मल कुमार आदि ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार के किये जा रहें प्रयास की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है बताते चले की ट्रस्ट द्वारा जाड़े दिनों में गर्म कपड़े उपलब्ध करना, सभी धर्मों से जुड़े लोगों के पर्व त्यौहार में सहयोग करना, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण आदि करना ट्रस्ट से जुड़े हर सदस्य और पत्रकार अपनी इस अभियान को शान और लोगो की सेवा समझते है मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, सचिव निरंकार भास्कर कोषाध्यक्ष अतुल कुमार, मिडिया प्रभारी शेखर सोनी, अश्विनी कुमार ,राकेश कुमार नवीन कुमार, प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, मिथिलेश कुमार, सोनू भारद्वाज, जयकिशौर शार्मा, धर्मेंद्र सोनी, राजेश कुमार, समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, सेवानिवृत्ति पुलिस उपअधीक्षा रमेश चंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## केसरिया: बोलेरो ने बाइक सवार दंपती को रौंदा,पति की मौत



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** केसरिया थाना क्षेत्र के राजपुर बाजार चौक के पास शनिवार की रात करीब 8: 30 बजे मोटरसाइकिल और बोलेरो की आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताते चलें कि मृतक व्यक्ति डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सेमुआपुर निवासी नरेश कुमार पटेल उम्र करीब 40 वर्ष बताई गई है। इस घटना के संबंध में बताया गया है कि वे अपने घर से केसरिया थाना क्षेत्र के दरमाहा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। की अचानक राजपुर बाजार चौक के समीप मोर पर बोलेरो गाड़ी और बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें नरेश पटेल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही पत्नि पट्टी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से केसरिया पुलिस पहुंच घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां उसका ईलाज चल रहा था।

## बगहा में हुई चोरी की घटना से दहशत का माहौल,एक ही रात में दो घरों में लाखो की चोरी



**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

बगहा 2 के वार्ड नंबर 10 के पाठक टोली में शनिवार की देर रात चोरों ने एक ही मोहल्ले के दो घरों में रौशन कुमार तथा किरण सिंह के घर का मेन दरवाजा को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया । चोरों ने घर के सभी आलमारियों को तोड़कर लाखो मूल्य के सोने चांदी के गहनों सहित इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की चोरी की। चोरी की घटना की खबर सुनते ही वाल्मीकीनगर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे तथा प्रशासन सहित आम जनता से अपील किया की आज जहा दुनिया हाईटेक जमाने में जा रहा हैं वही हमारा बगहा क्षेत्र अब भी हाईटेक को अपनाने में बहुत पीछे हैं।आज इन दो परिवारों के साथ घटना हुई कल को आपका भी नंबर आ सकता हैं।इसके लिए केवल प्रशासन ही जिम्मेदार नहीं,हम सभी आम जनता की जिम्मेदारी हैं की अपने आप में जागरूकता लाए तथा इस तरह की घटना को बढ़ाने से रोके।निर्दलीय सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल ने प्रशासन से मांग किया की हर गली हर चौराहे पर उउ ळश् फुटेज कैमरा लगवाए जिससे चोरी की घटना का सिनाख्त करने में आसानी होगी और साथ ही आम जनता से अपील किया की आप सभी का भी दायित्व बनता हैं की अपने अपने घरों और दुकानों के बाहर सुरक्षा के दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाए।साथ ही यह भी कहा की प्रशासन द्वारा इस घटना की भरपाई यथाशीघ्र नहीं की गई तो व्यवसायियों के तरफ से धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा यथाशीघ्र उउळश् कैमरे की व्यवस्था करने की मांग की।

## बगहा : एक ही रात में, दो घर में लाखों रूपया मूल्य की हुई चोरी, सांत्वना देने के लिए पहुंचे समाजसेवी दिनेश अग्रवाल



**लोकतंत्र की आवाज**

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

बगहा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के पाठक टोली में शनिवार की देर रात चोरों ने एक ही मुहल्ला के दो घर में रौशन कुमार तथा किरण सिंह के घर का मेन दरवाजा काटकर चोरी की घटना का अंजाम दिया है । चोरों ने घर के सभी आलमारियों को तोड़कर लाखों रूपया मूल्य के सोना – चांदी के गहनों सहित इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की चोरी की है। समाचार के मुताबिक चोरी की घटना की खबर सुनते ही वाल्मीकिनगर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। मौके पर प्रशासन सहित आम जनता से अपील किया, कि दुनिया हाईटेक जमाना में जा रहा हैं इसलिए इन सब घटनाओं से बचने के लिए हम सभी को हाईटेक टेक्नोलॉजी अपनाने की जरूरत है। हम सभी आम जनता की जिम्मेदारी हैं कि अपने आप में जागरूकता लाए तथा इस तरह की घटना को बढ़ने से रोके। वहीं वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने प्रशासन से मांग किया की हर गली हर चौराहे पर उउ ळश् फुटेज कैमरा लगवाया जाय, जिससे कि चोरी की घटना का सिनाख्त हो सके।आगे कहा कि अपने– अपने घर और दुकानों के बाहर सुरक्षा के दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाए।साथ ही यह भी कहा की प्रशासन द्वारा इस घटना की भरपाई यथाशीघ्र नहीं की गई तो व्यवसायियों के तरफ से धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## मोतिहारी: भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल सम्मेलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारणः** मोतिहारी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांधी ऑडिटोरियम राजा बाजार में व्यापार एवं वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विशाल सम्मेलन सह अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। वही इस कार्यक्रम में शामिल भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर लगाया नारा अबकी बार 400 सौ पार, वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को अबकी बार 400 सौ पार से जीत दर्ज कराएगी। साथ ही मोतिहारी नगर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के धारा पर चल रही है भाजपा की सरकार इस बार भी जनता की पहली पसंद हैं भारतीय जनता पार्टी। वही इस कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित मा.सांसद सह पूर्वी चंपारण के लोकप्रिय उम्मीदवार राधामोहन सिंह,राज्यसभा के मा.सांसद धर्मशिला गुप्ता,मा. मंत्री बिहार सरकार केदार गुप्ता, मा.विधान पार्षद जीवन कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के राजीव रंजन गुप्ता, वाणिज्य प्रकोष्ठ श्री जगन्नाथ प्रसाद,विजय राम, समेत अनेकों गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

## बिजली के तार गिर जाने से लगी आग एक एकड़ गेहूं का फसल जलकर हुआ खाक



**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

खबर प्रखंड बगहा एक के बिस्मभरापुर निवासी गोपाल जी राव के एक एकड़ गेहूं का फसल जलकर राख हो गया गोपाल जी राव ने एक एकड़ गेहूं का खेती किये थे जो शनिवार के दोपहर में अचानक बिजली के तार गिर जाने से 1 एकड़ गेहूं का फसल राख हो गया इधर बिजली विभाग की ध्यान नहीं है। और अगर तार जर्जर हो गया हो तो उस पर बिजली विभाग ध्यान नहीं देगी इसी कारण यह जर्जर तार घटना को बड़ी अंजाम दे दिया और किसानों को लगातार फसल नुकसान हो रही है और किसानों को लगातार छती पहुँच रही है।आपको बता दे की बिजली के तार गिरने से आग लग गई जिसके चलते करीब लाखों की फ़सल नुकसान हो गया जैसे ही इसकी पता लोकसभा के निर्दलीय भावी सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल को मिली तो दिनेश अग्रवाल तुरंत बिस्मभरापुर में जाकर फसल नुकसान का और वहां की स्थिति का जायजा लिया और बिजली विभाग से फसल नुकसान के लिए मुआवजा की मांग की तथा साथ ही साथ बिजली के जर्जर तारों को दुरुस्त करने की मांग किया ताकि इस तरह की घटना दूसरी बार किसी के साथ ना घाट सके।

## बगहा विकास नहीं तो वोट नहीं ! का नारा बुलंद किया जा रहा है



**लोकतंत्र की आवाज**

**बगहा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में विभिन्न वजहों से कई बूथों पर एक भी वोट नहीं पड़ा था तो वहीं आगे होने वाले मतदान को लेकर भी कई इलाकों के लोग अभी से ही वोट बहिष्कार की चेतावनी दे रहे हैं। इसी कड़ी में वाल्मिकी नगर लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण में आगामी 25 मई को वोटिंग होनी है। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार को लेकर लोग सड़क पर उत्तर आए हैं। यह मामला वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बगहा शहर के बीचों–बीच स्थित शास्त्री नगर मोहल्ले के वार्ड नं 13 और वार्ड नं 14 में महीनों से जल जमाव के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जाम पड़ी नालियों में बजबज़ा रहे गंदे पानी से बीमारियों के संक्रमण की आशंका तेज़ हो गईं है. बगहा एक और बगहा दो प्रखंड को जोड़ने वाली शास्त्री नगर – गुदरी बाजार मुख्य सड़क पर महिनों से जल भराव के चलते आवाजाही में लोगों को भारी दिक्कतें हो रहीं हैं। लोग जल सत्याग्रह कर चुनाव में बहिष्कार तक की घोषणा कर विरोध में उत्तर आए हैं। इनका आरोप है कि कई बाऱ जन प्रतिनिधियों से लेकर नगर प्रशासन तक शिकायत की गई है बावजूद इसके किसी नें यहाँ आना तो दूर इस ओर नज़रे इनायत करना भी मुनासिब नही समझा है .यही वजह है की विकास नही तो वोट नहीं का नारा बुलंद क़र लोग आंदोलन ज़ारी रखने की चेतावनी दें रहे हैं. ऐसे मे देखने वाली बात होगी की समय रहते इस ओर ध्यान देकर लोगों की समस्या का निदान किया भी जाता है या नहीं।

# फारबिसगंज में महावीर की 2623 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई, सैकड़ों भक्त हुए शामिल

## सकल जैन समाज व मारवाड़ी समाज के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी, जैन धर्म के जयकारे से गूँजमान रहा शहर

लोकतंत्र की आवाज

**मुन्ना ठाकुर**
**फारबिसगंज /अररिया।** सकल जैन समाज के सभी अनुयायिओं के द्वारा रविवार को भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई गई। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर सकल जैन समाज एवं मारवाड़ी समाज के सभी अनुयायिओं ने सर्वप्रथम प्रभात फेरी गाजे बाजे के साथ तेरापंथ भवन से शुरू की जो सिद्ध सागर भवन होते हुए समता भवन तक पहुंची।प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु महिला, पुरूष और बच्चे जैन धर्म की जयकारे के साथ ही भक्ति गीत गाए जा रहे थे। पुरा वातावरण प्रातः कालीन भगवान महावीर मय हो रहा था। समता भवन से निकली प्रभात फेरी सदर रोड होती हुई श्री पार्श्वनाथ जिनालय पहुंची।



जहां भगवान महावीर के अभ्यर्थना में संक्षिप्त समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह कार्यक्रम की शुरुआत साधुमार्गी जैन संघ महिला समिति के द्वारा मंगलाचरण के साथ की गई। ज्ञात हो भगवान महावीर की जन्मभूमि, ज्ञान प्राप्ति और निर्माण भूमि बिहार है। यह बिहार के लिए गौरव की बात है। समारोह में एक संक्षिप्त कार्यक्रम की प्रस्तुति करते हुए तेरापंथ समाज के ज्ञानशाला के बच्चों ने अपने माता–पिता एवं अभिभावकों से भगवान महावीर से संबंधित उन स्थलों की सैर करवाने की बाते कही ताकि वह भगवान महावीर के बारे में विस्तार से और अधिक जान सके एवं अपने गौरवशाली इतिहास को और भी पुष्ट कर सकें। वही समारोह में साधु मार्गी जैन संघ के बच्चों ने सुंदर नाटिका के द्वारा भगवान महावीर के जीवन वृत्त की प्रस्तुति दी जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा हुई। इस मौके पर जयंती समारोह के अध्यक्ष बछराज राखेचा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं महावीर जयंती की शुभकामनाएं और बधाइयां दी। तेरापंथ समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए उपसिका प्रभा सेठिया ने अपने विचार रखते हुए कहा हमें केवल भगवान महावीर के अनुयाई बनकर ही नहीं उनके बताए मार्ग अहिंसा, अपरिग्रह, अनेकांत को भी जीवन में अपनाने की आवश्यकता है तथा आज के दिन रात्रि भोजन न करने की अपील की गई। दिगंबर समाज के अध्यक्ष विनोद सरावगी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेशों को अगर हम अपने जीवन में अपनाएं तभी हमारा जीवन शांतिपूर्ण एवं सुखमय बना सकेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए भगवान महावीर के संदेशों को जीवन में उतारने की बात कही। श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर समिति का प्रतिनिधित्व करते हुए आलोक दुगड ने भगवान महावीर के अनेकांतवाद को अपनाने को कहा तथा आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापन किया। ब्राह्मण समाज से आये पूनम पांडिया ने भगवान महावीर की महानता का उल्लेख करते हुए नशा आदि दुर्गुणों से दूर रहने की बात की एवं सभी को महावीर जयंती की शुभकामना दी।

वहीं साधु मार्गी जैन संघ के अध्यक्ष निर्मल सेठिया ने भगवान महावीर को जैन धर्म के परम महापुरुष मानते हुए भगवान महावीर ही नहीं उनसे जुड़े उनके प्रमुख शिष्य गौतम स्वामी, शालीभद्र, अभय कुमार राजा श्रेणिक और शिष्याओं सुलसा, चंदनबाला आदि का जिक्रकरते हुए उनके निर्मल गुणों को अपनाने की प्रेरणा लेने बात कही साथ ही पुरे जैन समाज तथा समाज की विभिन्न वर्गों से आए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन भी किया। कार्यक्रम का सफल संचालन साधु मार्गी जैन समिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जैन ने किया। आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बहुत शानदार रही।

इस अवसर पर महावीर जयंती समिति के अध्यक्ष बच्छराज राखेचा, पार्श्वनाथ जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष मूलचंद गोलछा, दिगंबर समाज के अध्यक्ष विनोद सराओगी, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष निर्मल मरोठी, साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष निर्मल सेठिया, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अरविंद गोयल, मंत्री पवन अग्रवाल, ब्राह्मण समाज से पूनम पांडे दधीचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष अजात शत्रु अग्रवाल , मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव जैन, अन्य प्रमुख लोगों में जयकुमार अग्रवाल, ओम डोसी, मुकेश राखेचा, सुमन डागा, शैलेश बैद, आशीष गोलछा, जीतू बोरड, निर्मल बैद महेंद्र बैद, निर्मल सेठिया, पूनम सेठिया, विमल चोपड़ा, कुसुम भंसाली, नीलम बोथरा, सुमन चिंडालिया, समता बोथरा, पुष्पा गोलछा ,स्नेहा पुगलिया, विनीता बछावत, सारिका बेद प्रमिला सोनावत, सपना महनोत ,सविता महनोत, वीणा बेद, रेनू सेठिया, अंजू बैद, सुनीता दुगड, नीता गोलछा आदि श्रद्धालुओं उपस्थित थे। जयंती कार्यक्रम को लेकर सकल जैन समाज की दुकानें दिन के 10 बजे तक बंद रखी। ज्ञात हो कि भगवान महावीर के जन्मोत्सव को लेकर नप प्रशासन के द्वारा नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जीव हत्या पर और मांस मछली अंडा के बिक्री पर रोक लगा दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अचानक लगी आग से 9 बकरी सहित हजारों की संपत्ति राख



लोकतंत्र की आवाज
**गौनाह।** प्रखंड बेलसंडी पंचायत के अहरार पिपरा गांव के वार्ड नंबर 13 में शनिवार को दोपहर में लगी आग से जगन्नाथ राम की 9 बकरी सहित पूरा घर का सामान जलकर राख हो गया है। घटना के संबंध में मुखिया शंभू राउत पूर्व मुखिया आमिर हाशमी तथा वार्ड सदस्य पति रंजन कुमार ने बताया है कि करीब 2:00 बजे दिन मे अचानक लगी आग से जगन्नाथ राम के 9 बकरी सहित एक बखारी धान, राशन, कपड़ा, फर्नीचर सहित सभी सामान जलकर राख हो गया है। आग लगने के कारणो का पता नहीं चल पाया है। गौनाहा तथा मटियरिया थाना के अग्निशमन दस्ता के मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीण जनता को भी आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इधर सीओ विवेक कुमार सिंह का कहना है कि आग लगने की सूचना मिली है परंतु अग्नि पीड़ित परिवार द्वारा अंचल कार्यालय में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। संबंधित राजस्व कर्मचारी को स्थल पर भेजा जाएगा तथा अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाई जाएगी।

### प्रशासन ने चोरी के घटना की भरपाई यथाशीघ्र नहीं की तो व्यवसायी धरना प्रदर्शन करेंगे : दिनेश अग्रवाल

लोकतंत्र की आवाज
**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
**प चम्पारण।** जिला के बगहा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के पाठक टोली में शनिवार की देर रात चोरों ने एक ही मुहल्ला के दो घर में रौशन कुमार तथा किरण सिंह के घर का मेन दरवाजा काटकर चोरी की घटना का अंजाम दिया है । चोरों ने घर के सभी आलमारियों को तोड़कर लाखों रूपया मूल्य के सोना – चांदी के गहनों सहित इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की चोरी की है। समाचार के मुताबिक चोरी की घटना की खबर सुनते ही वाल्मीकिनगर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। मौके पर प्रशासन सहित आम जनता से अपील किया, कि दुनिया हाईटेक जमाना में जा रहा हैं इसलिए इन सब घटनाओं से बचने के लिए हम सभी को हाईटेक टेक्नोलॉजी अपनाने की जरूरत है। हम सभी आम जनता की जिम्मेदारी हैं कि अपने आप में जागरूकता लाए तथा इस तरह की घटना को बढ़ने से रोके। वहीं वाल्मीकि नगर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल ने प्रशासन से मांग किया की हर गली हर चौराहे पर उउ ळश फुटेज कैमरा लगवाया जाय, जिससे कि चोरी की घटना का सिनाख्त हो सके।आगे कहा कि अपने– अपने घर और दुकानों के बाहर सुरक्षा के दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाए।साथ ही यह भी कहा की प्रशासन द्वारा इस घटना की भरपाई यथाशीघ्र नहीं की गई तो व्यवसायियों के तरफ से धरना प्रदर्शन किया जायेगा।



### मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न को लेकर पति सहित पांच के विरुद्ध हुयी प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड के जाखीम पड़रिया गांव के अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह की पत्नी प्रियंका कुमारी ने रविवार को रफीगंज थाना में पति अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह, भैसुर बृजनंदन सिंह, भैसूर जितेंद्र सिंह, आशादेवी एवं मधु देवी को नामजद आरोपी बनाया।उल्लेख किया है कि विगत 8 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज के साथ अभय कुमार सिंह के साथ मेरा विवाह हुआ। शादी के कुछ दिन बाद ही उक्त लोगों द्वारा बुलेट बाइक एवं दो लाख रुपये मांग किया जाने लगा। उसको लेकर मारपीट करते रहते हैं। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### रामनवमी जुलूस को लेकर पदाधिकारी और कर्मियों की छुट्टी हुई रद्द

लोक तंत्र की आवाज़
**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, नवादा प्रशांत कुमार सी.एच. द्वारा विधि व्यवस्था को देखते हुए जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का अवकाश अगले आदेश तक रद्द करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि रामनवमी त्योहार 2024 को जिले में शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया है। रामनवमी त्योहार के अवसर पर नवादा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस निकाले जाते हैं। नवादा जिला पूर्व से ही संवेदनशील जिला है। शांतिपूर्ण वातावरण में जुलूस को संपन्न करने के लिए जिला संजुक्तादेश निर्गत किया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि रामनवमी त्योहार के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस एवं निर्वाचनों उपरांत विधि व्यवस्था को देखते हुए जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का अवकाश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है किसी भी पदाधिकारी कर्मी को विशेष परिस्थिति में अवकाश की आवश्यकता है तो जिला पदाधिकारी से अवकाश स्वीकृति के पश्चात ही मुख्यालय छोड़ने की अनुमति दी गई है।इसकी जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी।

## बिहार में तापमान 44 डिग्री के पार मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** बिहार में मौसम की स्थिति ने लोगों को त्राहिमाम करने पर मजबूर कर दिया है । चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी लोगों की हालत खराब कर रही है। अप्रैल महीने में ही बिहार का अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस चला गया है, वहीं अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक हो गया है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो रहा है ।

मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से जानकारी दी गई है कि अभी के समय प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है । इसके अलावा अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में और बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना बन रही है। मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि इस मौसम में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए जरूरी सावधानी बरतें, अधिक समय तक धूप में नहीं रहें और ज्यादा से ज्यादा छांव में रहने की कोशिश करें। प्रचुर मात्रा में पानी पिए और गर्मी के कारण बेचैनी महसूस होने पर तुरंत छांव में जाकर ठंडे पानी से हाथ मुंह धोए और आराम करें।

## मशहूर भोजपुरी गायक पवन सिंह पहुंचे देव , सूर्य मंदिर में टेका मत्था, आज से काराकाट में शुरूकरेंगे प्रचार अभियान

लोकतन्त्र की आवाज

**धनंजय बैद्य, प्रभारी झारखंड प्रदेश**
**औरंगाबाद।** बादमशहूर भोजपुरी सिनेमा व गायक पावर स्टार के नाम से मशहूर पवन सिंह रविवार को प्राचीन सूर्य मंदिर मे दर्शन करने पहुंचे, साथ में टी–सीरीज गायक प्रवीण सिंह मौजूद रहे । मंदिर परिसर में न्यास समिति सचिन विश्वजीत राय, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सदस्य योगेंद्र सिंह, सुनील सिंह आदि लोग ने माला पहनाकर तथा देव सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान के साथ उनका भव्य स्वागत किया। और सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। मंदिर के पुजारी राजेश पाठक ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया।

उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर के दिव्य स्वरूप में विराजमान भगवान ब्रह्मा, विष्णु , महेश के प्रतिमा को देखकर प्रफुल्लित हुए और मंदिर के भव्यता व सुंदरता को देखकर भाव विभोर हुए। इस दौरान दल बल के साथ देव थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई नीतीश कुमार एसआई राहुल कुमार एसआई अलख पांडेय दल बल के साथ मौजूद रहे। स्थानीय लोगों में सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। वहीं सुरक्षा को लेकर एसटीएफ को जवान को लगाया गया था।जो सेल्फी लेने में मसगुल नजर आए। वहीं इस दौरान पूरा माहौल शोर शराबा का बना रहा।

बताया जा रहा है कि गायक पवन सिंह काराकाट लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आने वाले है ।जिसको लेकर आज पटना से देव पहुंचकर भगवान सूर्य का दर्शन किया ,और आज से काराकाट क्षेत्र में गांव गांव से अपना प्रचार अभियान शुरू करेंगे । ईस दौरान सुमन सिंह मैनेजर दीपक सिंह, रितिक सिंह, नवीन सिंह, सौरभ सिंह भारी संख्या में दर्शक पवन सिंह को देखने के लिए मौजूद रहे।

- देव सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान के साथ भोजपुरी स्टार पवन सिंह का किया गया भव्य स्वागत



## अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टर ट्रेलर जप्त

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा / मटियरिया।** थाना के गश्ती दल द्वारा शनिवार की रात्रि 12 बजे गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टर ट्रेलर को हरदी शाहजहांगढ़ के मुख्य सड़क से बरामद किया गया है। पुलिस गाड़ी को दूर से आते देख सभी 6 ट्रैक्टर ट्रेलर के ड्राइवर फरार हो गए। गश्ती दल में प्रभारी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, एस आई जीवेश कुमार व संजीत कुमार, पुलिस बल तथा चौकीदार शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि चौकीदार व ग्रामीणों की मदद से सभी बालू लदे ट्रैक्टर ट्रेलर को मटियरिया थाना लाया गाया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बालू लदे 6 ट्रैक्टर ट्रेलर को जप्त करने के बाद द्वादह नदी में अन्य पांच ट्रैक्टर टेलर पर अवैध बालू लोड किया जा रहा था। ट्रैक्टर ट्रेलर पकड़े जाने के बाद द्वादह नदी में बालू लाद रहे पांच ट्रैक्टर ट्रेलर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। उक्त ट्रैक्टर ट्रेलर मेहनौल कला, हौदा डुमरा व शिकारपुर थाना के लंगड़ा दियुलिया का बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गाड़ी मालिक की शिनाख्त की जा रही है। मटियरिया पुलिस ने बताया कि अवैध बालू लदे 6 ट्रैक्टर ट्रेलर को जप्त कर इसकी सूचना खनन विभाग को भेज दी गई है।



## खगड़िया लोकसभा में हसनपुर विधानसभा की जनता अब तक के बने सांसद से खुश नहीं हैं

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** हसनपुर विधानसभा जब से खगड़िया लोकसभा का हिस्सा बना है तब से लेकर अब तक हसनपुर विधानसभा का जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं । मालूम हो कि वर्ष 2008 के लोकसभा परिसीमन के पहले समस्तीपुर जिला के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र रोसड़ा लोकसभा में था । जिसे 2008 में लोकसभा परिसीमन बनने के बाद रोसड़ा लोकसभा को विलुप्त कर हसनपुर विधानसभा को खगड़िया लोकसभा में शामिल किया गया । हसनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता वर्ष 2009 से अब तक खगड़िया लोकसभा में सांसद बनाते आ रहे हैं, लेकिन सांसद के द्वारा विकास को लेकर हसनपुर विधानसभा की जनता खगड़िया लोकसभा में अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं ।

हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता का आरोप है कि जब से हसनपुर विधानसभा को खगड़िया लोकसभा में मिलाया गया तब से अब तक खगड़िया से सांसद 2009 में जदयू से दिनेश चन्द्र यादव, 2014 एवं 2019 में लोजपा से चौधरी महबूब अली कैशर सांसद रहे हैं । हसनपुर क्षेत्र की जनता का कहना है कि तीन पंचवर्षीय बीत जाने के बाद भी सांसद महोदय के द्वारा हसनपुर विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हुआ है । जिस कारण 2024 के लोकसभा चुनाव में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता आक्रोश व्यक्त करते हुए कहते हैं कि हसनपुर रोड जक्शन पर लम्बी दूरी ट्रेन ठहराव एवं अन्य समस्या को लेकर हसनपुर जनकल्याण संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह जेपी सेनानी दिवंगत गंगा प्रसाद आजाद ने समय समय पर जन आंदोलन चलाया था । जिस कारण उन पर मुकदमा भी चलाया गया था, लेकिन खगड़िया सांसद हसनपुर विधानसभा की जन समस्या को लेकर दिल्ली संसद भवन में हसनपुर रोड जक्शन पर लम्बी दूरी का ट्रेन ठहराव हो इसके लिए कभी प्रश्न नही उठाया ।

जबकि समस्तीपुर रेल मंडल का समस्तीपुर जक्शन एवं खगड़िया जक्शन के मध्य हसनपुर रोड जक्शन एक ऐसा रेलवे स्टेशन है जो समस्तीपुर एवं खगड़िया के बाद सबसे ज्यादा राजस्व रेलवे को देता आ रहा है, परन्तु हसनपुर रोड जक्शन का अब तक समुचित विकास नहीं हुआ है, जबकि हसनपुर रोड के बाजू वाले रेलवे स्टेशन पर लम्बी दूरी के एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाता है । समस्तीपुर रेल मंडल का जीता जागता उदाहरण है कि पिछले वर्ष हसनपुर रोड जक्शन से बिथान रेलवे स्टेशन तक ट्रेन परिचालन को लेकर ट्रायल ट्रेन तो चलाया गया था, लेकिन अब तक बिथान रेलवे स्टेशन तक ट्रेनों का परिचालन नहीं किया गया । रेलवे के वरीय अधिकारी जब जब हसनपुर रोड जक्शन पर आये तब तब हसनपुर की जनता अधिकारियों से लम्बी दूरी का ट्रेन ठहराव हसनपुर रोड जक्शन पर करने के लिए मांग रखते रहे, लेकिन रेलवे के वरीय अधिकारी ने भी हसनपुर की जनता की बातों को अनसुना करते रहे । जिस कारण हसनपुर विधानसभा की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में आक्रोश दिखा रहे है ।

वहीं हसनपुर में जनसंख्या के हिसाब से पर्याप्त राष्ट्रीयकृत बैंक नही है, जिस कारण हसनपुर क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । जिसके लिए हसनपुर की जनता अपने सांसद महोदय को समय समय पर हसनपुर की जन समस्या को लेकर अवगत कराते रहा लेकिन हसनपुर में समस्या ज्यों का त्यों पड़ा हुआ है । 2024 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया लोकसभा से मुख्य रूप से इण्डिया गठबंधन से सीपीएम के प्रत्याशी संजय कुमार कुशवाहा हैं तो वहीं एनडीए गठबंधन से लोजपा ( रा ) के प्रत्याशी राजेश वर्मा हैं । ज्यों ज्यों चुनाव नजदीक आते जा रहा है प्रत्याशी अपने अपने समर्थन के लिए अपने घटक दलों के सहयोगियों के साथ जनता के बीच जाकर अपने अपने गठबंधन के आला कमान के वादे से जनता को अवगत करा रहे हैं लेकिन जनता वर्तमान में हसनपुर की जनसमस्याओं को लेकर नेता जी एवं उनके सहयोगियों की बातें को अनसुना कर रहे हैं । वहीं पार्टी प्रत्याशी अपने अपने घटक दल के समर्थकों को देखकर काफी उत्साहित दिखते हैं । दबी जुबान को लिया जाए तो पार्टी प्रत्याशी को भीतरघात का सामना से इंकार नहीं किया जा सकता है । क्योंकि घटक दलों के नेताओं में ही अपने अपने सम्मान को लेकर एक दूसरे से नराजगी चल रही है । जिसका




## एसएमआरसीके कालेज में ऑनलाइन पोर्टल का हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** छात्रों के नामांकन से लेकर परीक्षा फार्म भरने तक का शुल्क ऑनलाइन जमा करने की हुई शुरुआत । कालेज के यूआर ने कहा कालेज में वित्तीय लेनदेन में होगी पारदर्शिता । समस्तीपुर के मुक्तापुर स्थित एसएमआरसीके कालेज में शनिवार को ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई ।इसका उदघाटन महाविद्यालय शासी निकाय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ रमेश यादव ने किया । डॉ रमेश यादव ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत होने से कालेज के छात्रों से शुल्क जमा करने में बिचौलिए की भूमिका पर अंकुश लगेगा, साथ ही कालेज में किसी भी प्रकार के वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता रहेगी ।

कालेज के सचिव डॉ दिनेश्वर यादव ने कहा कि कालेज पोर्टल पर एक क्लिक से छात्रों से जुड़ी सभी जानकारियां एक साथ दिख जाएंगी । इससे कालेज के विकास कार्य मे तेजी आ सकेगी।शिक्षाविद डॉ राजेन्द्र भगत ने कहा कि छात्रों एवं कालेज प्रशासन के बीच पूरी तरह पारदर्शिता के साथ काम होगा और शुल्क आदि जमा करने छात्रों को काफी सुविधा होगी।इस मौके पर प्रकाशित कालेज प्रोस्पेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डी एन निराला ने पाग और चादर से किया । इस अवसर पर टी आर प्रो0 ब्रजनन्दन राय, डॉ भारत कुमार साह, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. शहनाज प्रवीण, प्रो. सीता कुमारी, प्रो. पुष्पा कुमारी, प्रो. रामाशीष यादव, प्रो. सुनीता कुमारी, प्रो. सुरेंद्र कुमार, डॉ. भारत भूषण आजाद, प्रो. हलधर कुमार, डॉ. रामलखन प्रसाद सिंह, डॉ. जगदीश प्रसाद यादव, प्रो. उमेश प्रसाद यादव, प्रो. शशिकांत कुमार, प्रो. कैलाश राय, डॉ. सुरेंद्र कुमार राय, प्रो. जयनारायण राय, प्रो. विमलेंदु कुमार विमल, प्रो. गौरीकान्त यादव, प्रो. कुमुद कांत किशोर, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कुमार अमरेंद्र सहित कालेज के छात्र, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी आदि मौजूद थे ।



## समस्तीपुर : डॉ. घनश्याम राय यूआर कॉलेज रोसड़ा के प्राचार्य बनाए गए

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति ने स्थानांतरण कमिटी की अनुशंसा के आलोक में डा.घनश्याम राय एसोसिएट प्रोफेसर यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ पोलिटिकल साइंस का स्थानांतरण यू.आर.कालेज रोसड़ा में कर दिया है। कुलपति ने डा. राय को यू.आर.कालेज रोसड़ा का प्रोफेसर इंचार्ज बनाने की भी कृपा की है।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अजय कुमार पंडित ने अधिसूचना जारी कर दिया है। जिसमें यूआर कालेज रोसड़ा के प्राचार्य डा. प्रवीण कुमार प्रभंजन को तत्काल डा.घनश्याम राय को प्रभार सौंपने का निर्देश दिया गया है । उल्लेखनीय है कि डा. राय पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के कुलसचिव पद से विरमित होकर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में कुछ दिन पहले योगदान लिया था।



## संक्षिप्त खबरें ।

### सदर अस्पताल में चोरों का आतंक, स्टाफ व मरीज के परिजनों को बना रहे निशाना

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** जिला मॉडल सदर अस्पताल में इन दिनों चोरों का आतंक मचा हुआ है। जिसके कारण मरीज तथा परिजनों के साथ साथ स्टाफ भी चोरी की घटना से आहत है। जबकि कहने के अस्पताल में चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है। वही प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी तैनात है। इसके बावजूद चोरी की घटना रुकने का नाम नही ले रहा है। चोरों द्वारा आये दिन साइकिल मोटरसाइकिल मोबाइल तथा अन्य सामान की चोरी कर ली जाती है। इस कड़ी में बलबाहाट ओपी क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अखिलेश यादव अपने नवजात शिशु को इलाज करवाने सदर अस्पताल आये। जहां बच्चें की स्थिति को देखकर भर्ती करना पड़ा जहां उनका इलाज चल रहा है। उसी क्रम में उनका मोबाइल डिस्चार्ज हो गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल के बरामदे पर बोर्ड मे अपना सैमसंग ए सिक्स मोबाइल चार्ज में लगा दिया। और वे वही पर टहलने लगे लेकिन पलक झपकते ही चोरो ने उनका मोबाइल चार्जर सहित चोरी कर ली गई। जबकि वहां सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। लेकिन अस्पताल प्रबंधक ने सीसीटीवी फूटेज दिखाने में असमर्थता जताई। वही अस्पताल कर्मियों ने भी अपने आप को असुरक्षित बताते हुए कहा कि अस्पताल की संपति तथा हमलोगों का भी सामान चोरो द्वारा चोरी कर ली जाती है। पीड़ति ने सदर थाने में आवेदन देकर सीसीटीवी को खंगाल कर चोरों को पकड़ने एवं मोबाइल बर– ।मदगी की गुहार लगाई है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर के प्रखंड क्षेत्र में 11 सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

**लोकतंत्र की आवाज**

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** अगामी लोक सभा चुनाव में भयमुक्त एवं निर्भीकता से मतदान सहित मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 11 सेक्टर पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रखंड चुनाव कार्यालय से मिली जानकारीनुसार प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी में नवल–किशोर झा प्र. शि.पदा. पतरघट को विशनपुर पंचायत का बूथ संख्या 1 से 9 तक, संजय कुमार प्र.शि.पदा.सौरबाजार को धबौली पश्चिमी के बूथ संख्या 10 से 17 तक, अरविंद कुमार पंचायती राज पदा. पतरघट को धबौली पूर्वी के बूथ संख्या 18 से 25 तक, विवेकानंद राय प्र. कृषि समन्वयक पतरघट को पस्तपार का बूथ संख्या 26 से 34 तक, मृत्युंजय कुमार प्र.कृषि समन्वयक पतरघट को पतरघट पंचायत का बूथ संख्या 35 से 44 तक, मो.मुस्तफा प्र.कृषि समन्वयक पतरघट को धबौली दक्षिणी का बूथ संख्या 45 से 51 तक, अम्बर कुमार प्र.कृषि समन्वयक पतरघट को पामा का बूथ संख्या 52 से 59 तक, मुकेश कुमार पंचायत तकनीकी सहायक सौर बाजार को किशनपुर पंचायत का बूथ संख्या 60 से 68 तक, प्रेम कुमार पंचायत तकनीकी सहायक बनमा ईटहरी को जम्हरा पंचायत के बूथ संख्या 69 से 79 तक, परमानन्द ठाकु र कनीय अभियंता मनरेगा पतरघट को गोलमा पूर्वी एवं पश्चिमी के 8 मतदान केन्द्रों का, रौशन कुमार श्रम प्रवर्तन पदा.पतरघट को गोलमा पूर्वी एवं गोलमा पश्चिमी पंचायत के 9 मतदान केन्द्रों का भार सौंपा गया है। जबकि मतदानकर्मी एवं सुरक्षा बल का ठहराव के लिए 11 कलेस्टर सेक्टर बनाया गया है।

### मधेपुरा के मंच पर तेजस्वी के समक्ष राजद ज्वाईन कर लिए ई. प्रभाष



**लोक तंत्र की आवाज़**

**मधेपुरा।** दुर्दिन में भी राजद के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले ई. प्रभाष भले हीं कुछ काल के लिए भाजपा में चले गए थे किंतु वहां उनका रहना मानो भाड़े की घर में महंगा किराया देकर भी स्वतंत्र और सुख चैन से जीना वहां दूभर हो गया था जिसका इजहार उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के मधेपुरा वाली सभा में राजद घर वापसी के दौरान लोगों से कह। उन्होंने कहा कि मैं वहां नहीं रह सकता जहां सामाजिक न्याय छीना जा रहा हो ।मैं अपना पुराना घर वापस आ गया हूं। राष्ट्रीय जनता दल के कद्दावर नेता ई. प्रभाष राजद के लोकसभा प्रत्याशी प्रो. डा. चंद्रदीप को जिताने के लिए कमर कस जनसंपर्क अभियान में जुट गए है। अपने सोसल साइट पर प्रत्येक दिन का भ्रमण सूची डालकर दौरा कर रहे हैं। उनके राजद में वापसी पर आरजेडी परिवार खुश नजर आ रहे हैं।

### 20 लोगों का नामांकन रद्द होना आश्चर्यजनक, शाहजहाँ शाद निर्वाचन आयोग के खिलाफ करेंगे कोर्ट का रुख!



**लोक तंत्र की आवाज़**

**फारबिसगंज।** 09अररिया लोकसभा क्षेत्र से 20 लोगों के नामांकन रद्द होने पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नॉमिनेशन देने वाले शाहजहाँ शाद ने आश्चर्यजनक बताया है, शाहजहाँ शाद ने प्रेस रिलीज़ जारी कर कहा की अररिया लोकसभा क्षेत्र से यह पहली बार हुआ है कि 20 लोगों का एक साथ नामांकन रद्द हुआ हो, हमें कहीं ना कहीं निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर शक है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, एक साथ 20 उम्मीदवारों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित करने की यह साजिश लगती है।शाद ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी ,मुख्य निर्वाचन आयोग पटना और मुख्य निर्वाचन अयोग नई दिल्ली को भी वे इस प्रकरण में पार्टी बनाएंगे और वे शीघ्र कोर्ट का रुख करेंगे!

# राजद प्रत्याशी शाहनवाज किसी परिचय के नहीं हैं मोहताज, ये ऐसे बाप के बेटे हैं जिसे दुनियां जानती है: विधायक आबीदुर्र रहमान



**लोक तंत्र की आवाज़**

**डा. रूद्र किंकर**

**अररिया।** विधायक कांग्रेस जनाब आबीदुर्र रहमान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सह सूबे के पूर्व मंत्री जनाब शाहनवाज आलम की भारी मतों से जीत के लिए जन संपर्क अभियान में डटे दिख रहे हैं।

सभा को संबोधित करने के दौरान उनका जोशीला भाषण श्रोताओं को दिल छू रहा है। उनका कहना था साथियों यह लोक सभा का आम चुनाव है ज्यादा आप लोगों को समझाने की जरूरत नहीं है। अररिया संसदीय सीट का बहुत लंबा चौड़ा क्षेत्र है, जो हड़िया से लेकर जलालगढ़ , जलालगढ़ से लेकर छातापुर, छातापुर से लेकर त्रिवेणीगंज सीमा तक है। हमारे भाई शाहनवाज साहब, वह छिपे हुए कैंडिडेट नहीं है, ये ऐसे बाप के बेटे हैं, जिन्हें दुनिया आए दिन जानती है। और उतना ही नहीं, उन्होंने अपनी छवि को बचा कर रखा है। और इस छवि को देखते हुए एक–एक आदमी को शाहनवाज बन जाना होगा। यह समाज का सवाल नहीं है यह पूरे मुल्क का सवाल है। इस मुल्क के सवाल को हिफाजत के लिए हमें कुर्बानी देनी होगी। इस बात को सोचिए गौर कीजिए। यह अबीदुर रहमान मोहिदुर रहमान, हलीमुद्दीन साहब का सवाल नहीं है जमीलउर रहमान साहब का सवाल नहीं है तस्लीमुद्दीन साहब का सवाल नहीं है, यह मौलवी ताहिर साहब का सवाल नहीं है, यह सवाल आपका सवाल है। हमारा मुल्क का सवाल है। इसको किस तरह से निपटना होगा । आप लोग अपने हक पर कब्ज कीजिए कब्जा करके इंकलाब का झंडा को उठा लीजिए। बहुत सारी बातें करनी थी लेकिन इलेक्शन के बाद हम फिर आपके सामने आएंगे। इंशाल्लाह हम साफ सुथरा हमेशा बात करते हैं। शाहनवाज को जीता कर भेजिए और कुछ नहीं कहना है।

# सिमरी बख्तियारपुर में डीजे वाहन की चपेट में आने एक की मौत

**लोकतंत्र की आवाज**



**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** बख्तियारपुर पुलिस सर्किल व बलवाहाट थाना के खजुआ गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम शादी समारोह में आये डीजे से लदा वाहन की चपेट में आ जाने से रौशन पासवान के सात वर्षीय पुत्र अवनिश कुमार की कुचल कर मौत हो गई। घटना होते ही डीजे चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

घटना के संबंध परिजन ने बताया कि गांव में ही शुक्रवार को मृत बालक के रिश्ते में फुआ की शादी थी। इसी दौरान शादी समारोह में महिलाएं डीजे में नाचते गाते बिध–व्यवहार करने खोजुचक चौक के समीप गई हुई थी। मृत बालक भी डीजे में नाचते गाते वहां पहुंच गया। बिध करने के दौरान बलवाहाट– सिमरी बख्तियारपुर एनएच 107 सड़क मार्ग के खोजुचक चौक पर अनियंत्रित डीजे चालक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही गई। घटना के बाद मृतक बालक की मां अंजना देवी सहित अन्य परिजन का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। मृत बालक तीन भाई–ब– हन में सबसे बड़ा था।

घटना के बाद बहन रिया कुमारी एवं आलशी कुमारी का भी रो रोकर बुरा हाल है। इधर घटना के बाद पूरे गांव गमगीन हो गया। घटना के बाद सूचना पर मृतक के घर पहुंची बलवाहाट पुलिस ने मृतक बालक के शव को पोस्टमार्टम करा कर शनिवार को परिजन को सौंप कर डीजे मालिक की खोजबीन शुरू कर दी है।

### करेंट लगने से भैंस की हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवाददाता।** जिला सहरसा अंर्तगत नगर पंचायत नवहट्टा वार्ड नंबर 18 में मोटर के नंगा तार से करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई है, ग्रामीण द्वारा पूछा गया तो बताया कि अनिल कुमार साह लोकेश कुमार साह अपने मंखान के खेत में पानी देने के लिए मोटर लगाए थे, लापरवाही के कारण बिजली के खंभे से जोड़ने वाली तार नंगा रहने के कारण भैंस को करंट लगने से हुई है मौत, घटना 8:00 बजे सुबह की है जब परिजन रंजीत यादव महेंद्र यादव अभिषेक यादव को जब मालूम हुआ तो नगर पंचायत नवहट्टा थाना में अनिल कुमार साह लोकेश कुमार साह पर आवेदन देकर मदद की गुहार लगाया है,

## सहरसा निगम क्षेत्रों के लोगों का कहना विकास कार्य में बाधक कौन सरजमीन से हो जांच

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवाददाता।** विशेष सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक रंजन घोष ने सहरसा नगर निगम के महापौर के आवेदन पर संज्ञान लेते सहरसा जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

महापौर बैन प्रिया ने लोकसभा आदर्श आचार संहिता के दौरान बैक डेट में अवैधानिक रूप से नगर आयुक्त मुमुक्षु चौधरी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपने पद का दुरुपयोग करने की शिकायत की थी। आवेदन में महापौर ने अवैधानिक तरीके से जेएमकेडी को निर्गत कार्यादेश को रद्द करने एवं किसी भी तरह की भुगतान पर रोक लगाने की मांग की थी। महापौर ने भेजे पत्र में कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान बैक डेट में नगर आयुक्त भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपने पद का दुरुपयोग करते एजेंसी जेएमकेडी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से 96 लाख 47 हजार 222 रुपए का कार्यादेश निर्गत किया है। जिसमें लोकसभा आदर्श आचार संहिता, बिहार वित्तीय नियमावली, नगरपालिका अधिनियम एवं सशक्त स्थाई समिति के आदेश का उल्लंघन किया गया है। बीते 29मार्च को लिखे पत्र में महापौर ने कहा कि नगर आयुक्त को उक्त कार्यदिश को अविलंब रद्द करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने के लिए निर्देश दिया गया था। जिस पर की गयी कृत कारवाई अब तक अप्राप्त है। किसी भी तरह का भुगतान नगरपालिका अधिनियम 5 एवं बिहार वित्तीय नियमावली का उल्लंघन होगा। महापौर ने कहा कि नगर आयुक्त भ्रष्टाचार में इस कदर लिप्त है कि फर्जी बिल पर लोकसभा आदर्श आचार संहिता, नगरपालिका अधिनियम, सशक्त स्थाई समिति के आदेश का उल्लंघन बैक डेट में लगातार भुगतान कर रहे हैं। डीएम के निर्देश पर नोडल अधिकारी आदर्श आचार संहिता सह भूमि सुधार उप समाहर्ता को जांच का निर्देश दिया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सलखुआ में प्रभात फेरी एवं रैली आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**

**अधिक अधिक मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग द्वारा कार्यक्रम किया गया आयोजित**




**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा आमनिर्वाचन:2024 मतदान दिवस के अवसर पर अधिक अधिक मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज शनिवार को सलखुआ प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सविता कुमारी के नेतृत्व में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जागरूकता अभियान में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालक र आम नागरिकों से लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्ण सहभागिता की अपील की गई। जागरूकता रैली में सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, टोला सेवक, रसोईया ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक महबूब आलम, शिक्षक जय कृष्ण कुमार, सतीश कुमार, सभुक्ता, बीबी नूर आईशा, गुंजा कुमारी, मध्य विद्यालय रैनी के प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार, गौतम, परमानंद कुमार, मध्य विद्यालय बनकटी के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, सूर्य नारायण कुमार, मनोज कुमार, बृजेश कुमार, मध्य विद्यालय कोपरिया के संजीव कुमार भारती, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, मनोरमा कुमारी, हेमलता कुमारी, सोनी कुमारी, अनु–प्रिया, मध्य विद्यालय बहुअरवा के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन, दिलीप कुमार, मधुशाला, मध्य विद्यालय खोचरदेवा के प्रधानाध्यापक संतोष रजक, मुकुंद, सोनी कुमारी, अनुपम कुमारी, पुष्पा कुमारी प्रियंका कुमारी, देवेंद्र कुमार यादव शिवकुमार आदि ने भाग लिया।

# पूर्व विधायक दिवंगत आनंदी यादव के पुत्र अभिषेक आनंद ने थामा लालटेन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**तेजस्वी यादव ने अररिया की सभा में दिलाई राजद की सदस्यता**




**अररिया।** पूर्व भाजपा विधायक स्वर्गीय आनंदी प्रसाद यादव के सुपुत्र राजद के अघोषित सुप्रीमों पूर्व डिप्टी सीएम सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव की सभा में उपस्थित होकर राजद का झंडा उठा लिया। लालटेन थामने वाले अभिषेक आनंद को राजद की सदस्यता दिलायी गई।

सिकटी से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे अभिषेक आनंद ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित हो और अधिकारों के लिए संघर्ष करो। आज देश का जो माहौल है, उस माहौल में बाबा साहेब की ओर से दिए गए अधिकारों को छीनने की साजिश हो रही है। राष्ट्रीय जनता दल संविधान विरोधी एन डी ए सरकार की इस साजिश को सफल नहीं होने देगा।

यह आगाज है बदलाव का, अररिया लोकसभा के विकास का सिकटी के पूर्व विधायक आनंदी प्रसाद यादव जी के सुपुत्र अभिषेक आनन्द के राजद में शामिल होने पर राष्ट्रीय जनता दल परिवार ने उनका हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके पार्टी ज्वाइन करने से जिले में राजद संगठन की शक्ति में बहुत इज़ाफ़ा होगा।

# आज भी लोगों के मन में अतिप्राचीन देवनवन मंदिर की आस्था और विश्वास कायम

**लोकतंत्र की आवाज**



**रंजन जयसवाल**

**नवहट्टा सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी कोसी तटबंध स्थित अति प्राचीन देवनवन शिवमंदिर सन 1996 ई में कोसी नदी के आगोश में समा गया था। तब से आज तक लोगों के मन मस्तिष्क में भगवान का रूद्र रूप समाया हुआ है, जबकि सन 1996 ईस्वी में ही शाहपुर गांव के 79.5 स्पर पर नए देवनवन शिव मंदिर का निर्माण हो गया था। बावजूद इसके भक्तों ने 81 स्पर पर सुरुआत से ही भक्तों ने झोपड़ी नुमा घर में महादेव की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं।

इस बीच स्थानीय राम बहादुर उर्फ रमन यादव के द्वारा पूर्वी कोसी तटबंध के 81 स्पर पर जहां प्राचीन शिव मंदिर हुआ करता था ठीक उसी के सामने स्वामी प्रेमानंद जी महाराज से प्रभावित होकर देवनवन शिवमंदिर और राधाकृष्ण मन्दिर की पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाया हुआ है। इसी बीच रविवार को स्वर्ग इंजीनियर बलवंत कुमार की धर्मपत्नी प्रेमलता ने मंदिर पहुंचकर आंशिक सहयोग करते हुए मंदिर निर्माण में आगे भी तन मन धन से सहयोग करने की बात कही मौके पर मंदिर के पुजारी फूल झा बाबा, मन्नू रिस्की, तनिष्क सिंह, अमित कुशवाहा, कुलवंत कुमार, फुलपरी देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बैजनाथ साहनी, सुरेंद्र पासवान, संतोष उर्फ आशीष आर्यन, प्रदीप प्रेम,, सुधीर कामत, बालेश्वर साह सहित दर्जनों भक्तगण उपस्थित थे।

# व्यावसायिक शिक्षा ही रोजगार का मूल आधार: डॉ. माधवेन्द्र झा

**लोकतंत्र की आवाज**



यूवीके कॉलेज कड़ामा में बी बी ए, बी सी ए एवम अन्य सर्टिफिकेट कोर्सेज तथा डिप्लोमा कोर्सेज में त्रिवर्षीय, द्विवर्षीय तथा एक वर्षीय अवधि के शिक्षण एवम प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि 15 मई तक 2024 तक तकनीकी सेल द्वारा निर्धारित



**पुरैनी।** व्यावसायिक शिक्षा ही रोजगार का मूल आधार।भारत को विश्व गुरु का दर्जा उसके तंत्र विज्ञान और ज्योतिष विज्ञान के बल पर ही मिली थी। अब पुनः अवसर आया है भारत के तमाम युवक एवम युतियों के लिए कि वे अपने अंदर छिपे कौशल का विकास व्यावसायिक शिक्षा में निपुणता से करें।

उक्त बात नेक एक्रिडेटेड एवं ए आई सी टी ई से मानक के आधार पर प्रस्वीकृति प्राप्त उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डा माधवेंद्र ने तकनीकी सेल की बैठक बहुद्देशीय भवन में करते हुए कहा कि भारत सरकार के ए आई सी टी ई से अनुमोदित रोजगार परक शिक्षा जो शत प्रतिशत रोजगार गारंटी युक्त है के बी बी ए, बी सी ए एवम अन्य सर्टिफिकेट कोर्सेज तथा डिप्लोमा कोर्सेज में त्रिवर्षीय, द्विवर्षीय तथा एक वर्षीय अवधि के शिक्षण एवम प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि 15 मई तक 2024 तक तकनीकी सेल द्वारा निर्धारीत की गई है। बी बी ए, बी सी ए, डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन ऑफलाइन मोड में आवेदन उपरान्त लिखित जांच परीक्षा में मेरिट सूची एवं आरक्षण रोस्टर को ध्यान मे रखते हुए लिया जायेगा। स्टूडेंट क्रेडिट काड्र्स एवम स्कॉलरशिप की सुविधा शत प्रतिशत छात्र/छात्राओं एवम प्रशिक्षुओं को दी जाएगी।25 मई से 2 जून 2024तक नामांकन स्वीकार किए जायेंगे।

15जून से वर्ग संचालन प्रारंभ किया जाएगा। आई टी सेल के मुख्य कार्यकारी निदेशक को अविलंब कार्य योजना को अंतिम रूप देने हेतू निदेश दिया गया है।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में इंट्रीगेटेड कार्यशाला जारी

**लोकतंत्र की आवाज**

**अररिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में चल रहे आठ दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा एवं उपप्राचार्य राजकुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से कार्यशाला के निदेशक विजय यादव को साधुवाद दिया और कहा कि बच्चों के लिए प्रशिक्षण अत्यंत सार्थक सिद्ध होगा। यह प्रशिक्षण इंट्रीगेटेड कार्यशाला है ।जिसमें एक साथ फिल्म, मीडिया ,साहित्य एवं सृजनात्मक साहित्य के विविध रूप, कविता कहानी, उपन्यास एवं संस्मरण पर मंचन की तैयारी की जा रही है। निदेशक विजय यादव नवोदय के पुरातन छात्र है। वो नवोदय की हर चीज को बखूबी समझते हैं। आगे भरोसा दिलाया की विद्यालय में स्थित ओटू पार्क का विस्तार होगा , जिसका उद्घाटन डीएम इनायत खान ने किया था। इस अवसर पर फ़िल्म अभिनेता संजीव पांडे ने बच्चों को अभिनय के गुर सिखाए।

# पूर्व प्रमुख ललिता देवी की पति से बाद विवाद पर गांव गरेरी टोला के लोगों ने किया जानलेवा हमला

**लोकतंत्र की आवाज**



**सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत सहसोल पंचायत के लालगंज गांव निवासी पूर्व प्रमुख ललिता देवी के पति गजेंद्र सादा की गुरुवार की रात मोहनपुर गांव से शादी समारोह से लौटने के क्रम में गांव गरेरी टोला निवासी चुनचुन साह के साथ बाद विवाद होने पर चाकू से जानलेवा हमला होने के बाद प्रमुख पति की हालत नाजुक बनी हुई है।

दूसरी तरफ दूसरे पक्ष चुनचुन साह भी जख्मी है जिसको लेकर बसनही थाने में प्रमुख पति व अन्य को नामजद कर आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दूसरी तरफ पूर्व प्रमुख पति गजेंद्र सादा की इस्थिति नाजुक बनी हुई तथा बेहोशी की हालत में है। जिसका इलाज सह– रसा के किसी निजी अस्पताल में करवाया जा रहा है। वही दबी जुबान घटना का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। उक्त बाबत बसनही थानाध्यक्ष संतोष कुमार निराला ने बताया कि दोनों पक्ष गम्भीर रूप से घायल है जिसका इलाज कराया जा रहा है तथा घटना की जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में की जा रही तैयारियों से हुए अवगत





**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय प्रभारी झारखंड प्रदेश (रांची)।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखड, के. रवि कुमार आज जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होने परिसदन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल से लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिले में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर बल देते हुए विशेषकर दिव्यांगजनों एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधाओं का खास ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया । साथ ही सभी मतदाताओं के लिए गर्मी एवं धूप के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में शेड, पेयजल, शौचालय, बैठने के लिए कुर्सी आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखड ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में शहरी क्षेत्र के न्यू बाराद्वारी स्थित सामुदायिक भवन, गांधी आश्रम मतदान केन्द्र पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया। एईआरओ एवं बीएलओ से अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ वोटर (अरऊ) की जानकारी ली। मतदान के दिन सिटिंग अरेंजमेंट, वोटिंग कम्पार्टमेंट, होम वोटिंग की तैयारी, नए मतदाताओं का नाम निबंधन सहित अन्य बिंदुओं के संदर्भ में विस्तार से जानकारी हासिल की। मौके पर उन्होने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्र में किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो यह सुनिश्चित कराया जाए, इसके अलावे दिव्यांगजनों के लिए मानक के अनुरूप रैम्प निर्माण, ब्लाइंड मतदाताओं के लिए वॉक फुट मार्क साइनेज आदि को लेकर निर्देशित किया।

### जैन समुदाय ने भगवान महावीर का जन्म उत्सव धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया



**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा, गिरिडीह झारखंड।** गिरिडीह बड़ा चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से आज भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव को लेकर गिरिडीह नगर में शोभा यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर बड़ा चौक आ गई जैन मुनि के 23वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623वॉं जन्म महोत्सव मनाया गया। शोभायात्रा में जैन समाज के स्त्री पुरुष बच्चे सभी ने मिलजुल कर भगवान महावीर का जन्म उत्सव मनाया जिसमें सागर जी महाराज के दो शिष्य भी पधारे हुए थे शोभायात्रा के दौरान मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शीतल जल एवं शीतल पेय की भी व्यवस्था की गई थी, छठी शताब्दी ईसा पूर्व में जब भगवान महावीर ने जैन धर्म का प्रचार किया तब यह धर्म प्रमुखता से सामने आया।

### युवतियों पर ईट-पत्थर से हमला



**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ) गिरिडीह ,झारखंड।** बिहार के नवादा जिले की महिलाएं व युवतियो पर ईट– पत्थर हमला किया गया है ।यह हमला गिरिडीह जिले के बरमसिया गांव में आई हुई महिलाओं के ऊपर हुआ विवाह के बाद वे सभी वापस बिहार लौट रही थी, इसी दौरान गिरिडीह में ही महिलाओं को कुछ लड़कों ने अश्लील इशारा करना शुरू कर दिया ,और उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंकने लगे इसका विरोध करने पर लड़कों ने अपने साथियों को बुलाकर उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया जिससे तीन महिलाएं घायल हो गई, एक की हालत गंभीर है मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही लड़के भाग खड़े हो गए पुलिस ने घटनास्थल से दो बाइक जप्त की है जो संभवत उन्ही अपराधियों की हो सकती

# भाजपा घाटशिला विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित, विपक्ष के पास चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं : भाजपा प्रदेश महामंत्री

**लोकतंत्र की आवाज**



**रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड घाटशिला।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घाटशिला के नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर भवन (टाउन हॉल) में भाजपा घाटशिला विधानसभा स्तरीय बैठक ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी बड़कुंवर गागराई, लोकसभा प्रत्याशी सह सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए. बैठक से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. इसके पश्चात अंगवस्त्र देकर अतिथियों को स्वागत किया गया. इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिलने की मंशा को लेकर वे सभी घाटशिला पहुंचे.

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ आपसी विचार विमर्श की गई. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पिछले 10 वर्षों से विकास के रास्तों पर चल रहा है. उन्होंने कहा कि हमारे देश में गठबंधन बोलकर कोई चीज नहीं है. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए लोग कभी–कभी एकजुट हो जाया करते हैं. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो निर्णायक लड़ाई लड़ने की दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाई है उससे घबराकर कई पार्टी के लोग हताश हैं. उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री समेत कई लोग प्रधानमंत्री एवं भाजपा नेताओं पर आरोप प्रत्यारोप लगाने में जुटे हुए हैं. उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में जिस तरह से झारखंड राज्य में लूट मची थी. जिस तरह से गरीब आदिवासियों की जमीन कब्जा किया जा रहे थे उसी तर्ज में कार्रवाई होते देख झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग घबरा गए हैं.

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह लोकसभा सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, दिनेश साव, पूर्व जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, लखन मार्डी, घाटशिला विधानसभा प्रभारी सुमन कल्याण मंडल, डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, जिला पार्षद सुभाष सिंह, देवयानी मुर्मू, संजय तिवारी, हराधन सिंह, रंगलाल महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल पांडे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मंटू प्रजापति, बुद्धेश्वर मार्डी, कृष्ण शर्मा, सुरेश माहली, माला डे, अमरदीप शर्मा, संजय अग्रवाल, सुबोध सिंह, शिवरतन अग्रवाल, दीपू शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

# बीएस के कॉलेज बरहरवा के बैटरी स्टोर रूम में लगी आग लाखों का नुकसान



**लोकतंत्र की आवाज**

**बरहरवा।** महाविद्यालय में बैटरी के स्टोर रूम में आग लग जाने से लाखों का बैटरी जलकर राख हो गया हैजानकारी देते हुए बीएसके कॉलेज बरहरवा के प्राचार्य बसंत कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से शत प्रतिशत अनुदान पर जरेडा के तहत बी एस के कॉलेज बरहरवा में सोलर पैनल लगाए जा रहा था। सोलर पैनल लगाने के बाद यह कार्य ठेकेदारों के ऑब्जर्वेशन में ही चल रहा थोसोलर पैनल लगाने का काम अभी पूर्ण नहीं हुआ थोइसी क्रम

में शुक्रवार को दिन के करीब 4:00 बाजू के आसपास किसी कारणवश बैटरी के स्टोर रूम में आग लग गई ,एवं सभी बैटरियां धुधुकर जलने लगी। स्टोर रूम में आग लगने की खबर एसडीपीओ बरहरवा तथा अग्नि सामान विभाग को कॉलेज मैनेजमेंट के ओर से दिया गया। इसके बाद नगर पंचायत के पानी टैंकर एवं आसपास के लोगों के सहायता से आग पर काबू पाया गया।

इस आग लगी की घटना में बी एस के कॉलेज बरहरवा के किसी प्रकार के कागज पततर या किसी रजिस्टर को नुकसान नहीं पहुंचने की बात कॉलेज प्रबंधन के ओर से कही गई है। आग लगी की घटना के बारे में थाना पुलिस को सूचित कर दी गई है।सूचना को आधार बनाकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# उलदा में माता वैष्णो देवी धाम मंदिर के दूसरे स्थापना दिवस पर उमड़ी भीड़



**लोकतंत्र की आवाज**

**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

**गालूडीह।** उलदा में स्थित माता वैष्णो देवी धाम मंदिर में रविवार को मंदिर का द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर में स्थापित देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना की गयी. पुजारी राहुल शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा की. पूजा में राजकिशोर साहू, किरण देवी, शैलेन्द्र मिश्रा आदि शामिल हुए.

पूजा के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन में किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया. इसमें बच्चे, महिलाएं व पुरुष सभी शामिल थे. शाम तक इस भंडारे में लोगों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा, जहां लोगों ने माता वैष्णो देवी के भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर अपने अपने घरों को रवाना हुए.

# अफीम के धंधे में बाप बेटे से लेकर बच्चे बूढ़े भी है शामिल

- गिद्धौर के करीब 100 लोग देश के विभिन्न जेलों में खा रहे हैं हवा
- ब्राउन शुगर के चक्कर में कई युवा गंवा चुके हैं अपनी जान

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ गिद्धौर(चतरा)।** डेढ़ दशक पूर्व गिद्धौर ईख के गुड़ के लिए विख्यात था। यहां के गुड़ देश के विभिन्न राज्यों के बाजार में पहुंचता था।गिद्धौर के गुड़ के नाम सुनकर ही लोग आसानी से खरीदारी कर लेते थे। परंतु वर्ष 2006–07 में न जाने गिद्धौर के पवित्र वातावरण पर किसकी नजर लग गई। कुछ लोगों द्वारा वर्ष 2006–07 में पोस्तो की खेती प्रारंभ किया गया।जो महज दो वर्ष तक ही हुआ। जब प्रशासन को इसकी जानकारी हुई कि इस पोस्तों की खेती से खतरनाक मादक पदार्थ अफीम निकल जाती है। इसके पश्चात अभियान चलाकर पोस्तो की खेती को नष्ट करने का कार्य किया गया। यही वजह है कि फिलहाल गिद्धौर पत्थलगड्डा सहित आसपास क्षेत्र में अफीम की खेती तो नहीं होती है।परंतु अफीम के व्यापार व कारोबार में बेहिसाब इजाफा हो गया। यहां तक की अफीम के कारोबार करते–करते ब्राउन शुगर,हीरोइन बनाने का भी कार्य होने लगा। यही वजह है कि आज के युवा पीढ़ी ब्राउन शुगर की जड़ में धीरे–धीरे समाते चले जा रहे हैं। जबकि ब्राउन शुगर के सेवन के कारण प्रखंड में करीब एक दर्जन युवा अपने जान भी गमा चुके हैं। फिलहाल अफीम ब्राउन शुगर के कारोबार में युवा पीढ़ी के साथ–साथ पिता–पुत्र,बच्चे–बूढ़े,सफेद पोश संलिप्त होते जा रहे हैं। जिसका कारण चंद दिनों में अमीर बनने की सपना है। अफीम और ब्राउन शुगर के कारोबार के कारण प्रखंड के करीब 100 लोग देश के विभिन्न जेलों की शोभा बढ़ा रहें है।

**गिद्धौर थाना को मिली तीसरी बड़ी कार्रवाई बड़ी सफलताः** पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में गिद्धौर थाना को तीसरी बार इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी।पुलिस अधीक्षक के सटीक जानकारी व एसडीपीओ अजय कुमार केसरी व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के संयुक्त प्रयास से शनिवार को 2 अफीम तस्कर की गिरफ्तारी हुई।जिसके निशानदेही पर गिद्धौर के महेंद्र दागी व पुत्र दीपेंद्र दागी के बलेरी से 28. किलोग्राम अफीम जिसका बाजार मूल्य करीब डेढ़ करोड़ आंकी जा रही है। इस कारोबार में संलिप्त होने को लेकर पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज करते हुए को न्याय हिरासत भेज दिया गया। इस कार्रवाई से अफीम व ब्राउन शुगर के कारोबारीयों में हड़कंप मची हुई है।इधर प्रशासन अन्य कारोबारी की धर पकड़ को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा की अफीम व ब्राउन शुगर के कारोबारी को किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जाएगा।उन्होंने बताया की इस धंधे में कई सफेद पोश लोगों के संलिप्त होने की सूचना मिल रही है।जिसका भी प्रशासन अनुसंधान कर रही है।

# दारू के अड्डे में हुई मारपीट की घटना में एक जख्मी रेफर

**लोकतंत्र की आवाज**

**बरहरवा।** थाना अंतर्गत रामनगर तथा सिरासिन गांव के बीच राष्ट्रीय मुख्य पथ 80 के किनारे प्रत्येक दिन लगने वाले दारू के अड्डे मे शनिवार को दिन के करीब चार से 5:00 के बीच महुआ दारू के अड्डे पर किसी बात को लेकर हुए मारपीट की घटना में रामनगर गांव के साइम शेख उम्र लगभग 25 वर्ष नाम का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना में साइन शेख को इतना पीटा गया कि उसे मरा हुआ समझकर वहां से सभी लोग भाग गएघटना की सूचना किसी ने थाना प्रभारी बरहरवा को दियोसूचना पाकर थाना प्रभारी ने बरहरवा थाना के पीसीआर वैन को ओवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा के साथ घटनास्थल पर भेजोजब तक पुलिस की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच पाती तब तक दारू के अड्डे से सारे लोग फरार हो चुके थेबताया जाता है कि शमीम शेख को मुर्दा समझ कर मारपीट करने वाले वहां से तुरंत भाग गए थे बरहरवा पुलिस के ओवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा ने घायल शमीम शेख को पीसीआर में उठाकर मानवीय संवेदना के तहत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा ले गया जहां से उसे प्राथमिक इलाज करा उसे घर भेज दिया गया हैजानकारी मिली है कि, शमीम शेख को गंभीर हालत में इलाज के लिए घर वालों के द्वारा कहीं बाहर ले जाया गया हैइस दारू के अड्डे में मारपीट का यह कोई नया मामला नहीं है आए दिन यहां पर प्रशासन के नाक के नीचे मुख्य पथ पर खुले आम दारू का अड्डा चलाया जा रहा है जिसमें जमीन मालिक की मुख्य भूमिका की बात कही जा रही हैकभी–कभी तो मुख्य पथ किनारे संचालित इस दारू अड्डे पर इतना भीड़भाड़ हो जाता है कि कई बार यहां से गुजरने वाले जिले के आला आधिकारी को भी गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन इस अवैध दारू अड्डे को बंद करने के लिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैकुछ वर्ष पहले बरहरवा के थाना प्रभारी ने मुख्य पथ किनारे संचालित इस दारू अड्डा को पूर्ण रूप से बंद कर दिया था पर कालांतर फिर से यह धंधा जमीन मालिक के संरक्षण में यहां पर अब चलने लगा है जो यहां से आने–जाने वाले राहगीरों के लिए भी काफी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है इस दारू अड्डे के कारण यहां पर कभी भी अप्रिया घटना घट सकती है इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी बरहरवा सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख पद के किनारे दारू का अड्डा संचालित होने की उसे कोई जानकारी नहीं है। अभी तक आवेदन थाने में नहीं दिया गया है।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए तैयारियों की समीक्षा के क्रम में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 52.चाईबासा पहुंचे झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**लोकतंत्र की आवाज**




**धनंजय बेड प्रभारी झारखंड प्रदेश (रांची, झारखंड)।** झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी– के.रवि कुमारकेद्वारालोकसभा(आम)चुनाव –2024 के निमित्त की गई तैयारियों की समीक्षा के क्रम में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 52.चाईबासा विधानसभा क्षेत्र तहत प्राथमिक विद्यालय– उलीहातु बूथ संख्या 16, राजकीय मध्य विद्यालय– सिंद्री बूथ संख्या– 10, 11,12, नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय–चाईबासा बूथ संख्या–96, 97 तथा श्रद्धानंद बालिका मध्य विद्यालय–बड़ी बाजार बूथ संख्या– 126, 127एवं 128 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधा यथा– शौचालय, रनिंग वाटर, पेयजल, बिजली, चार्जिंग सॉकेट सहित अन्य बिजली उपकरण, फर्नीचर की उपलब्धता आदि का बिंदुवार जायजा लिया गया। इस क्रम में मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त हुए नए प्रपत्र–6 के अद्यतन स्थित के अलावा वोटर लिस्ट में अब्सेंटी वोटर, दिव्यांग वोटर व बूथ अवेयरनेस ग्रुप व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की गई।

**निरीक्षण के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमारः** की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुलदीप चौधरी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिसमें उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने सहित शत–प्रतिशत मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने पर बल दी।

# भीषण गर्मी के मौसम में भी देखा कोहरे का कहर

**लोकतंत्र की आवाज**



**बरहरवा।** भीषण गर्मी एवं दो दिनों से चल रहे ल के था पेड़ों के बीच रविवार को सुबह करीब 4:00 से लेकर 6:00 बजे तक बरहरवा प्रखंड के पूर्वी इलाके में बेतहाशा कोहासे का असर देखा गयोअन्य दिनों की तुलना में रविवार की रात गर्मी तो थोड़ा कम थी पर जैसे ही रात ढलता गया आहिस्ता आहिस्ता बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर, टिलहा,साहेब डगा, तथा फुटानी मोड़ के आसपास के गांव में कुहासे का असर देखा गया।

इतना घने कोहरा था कि सड़कों पर गाड़ियां जगह–जगह पर खड़ी हो गई थी एवं राहगीरों को चलना दुश्वार हो गया थोबुजुर्गों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी तथा एल के थप्पड़ों के बीच इतना घने कोहरा उसने पहले कभी नहीं देखा थोकोहरे को देखकर सुबह शाम टहलने वाले लोगों ने भी इसका जमकर मजा उठायोकुछ लोगों का यह भी कहना है कि पिछले कई वर्षों के बाद अचानक इस तरह का मौसम में आई गड़बड़ी के वजह से हो सकती है।

सुबह 4:00 से प्रारंभ हुई कोहरे की कहर तकरीबन 3 घंटे तक बना रहा जो लगभग सुबह 7:00 बजे समाप्त हुओफिर क्या था कोहरे के छटाते ही अचानक भीषण गर्मी बढ़ गई और लोग चलने लगा जिस कारण से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होता दिख रहा है भीषण गर्मी के कारण लोग शीतल पर पदार्थ का सेवन करने लगे हैं तथा खेत खलियानों में काम करने वाले मजदूर अपने घरों में दुबक कर रह गए हैंबेरहल रविवार को भीषण गर्मी एवं बेमौसम आई कोहरे के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है

# भारतीय किसान संघ ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**लोकतंत्र की आवाज**





**निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ चतरा(झारखंड)।** जिले के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मे भारतीय किसान संघ के लोकसभा प्रभारी श्रीराम पाण्डेय जी के नेतृत्व मे चतरा, लातेहार , मनिका,पांकी एवं सिमरिया विधानसभा के निर्वाचन नियमावली बनाए गए संयोजक व सहसंयोजक और पांचो विधानसभा के सभी प्रखण्डों से संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए।

बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री श्री अचल जी एवं लोक सभा प्रभारी श्री राम पाण्डेय जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।कार्यक्रम मे आये भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता जी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया तथा सभा को संबोधित करते हुए किसान संघ जागरूकता का आभार व्यक्त किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष को जिला मंत्री अशोक अनन्त ने बुके देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन मंत्री जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की चुनाव लोकतंत्र का बहुत बड़ा त्योहार है इसलिए हम सभी को पहले मतदान, फिर जलपान के संदेश को सार्थक बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है और इसके लिए हम सभी मिलकर सभी विधानसभा क्षेत्रों मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।लोकसभा प्रभारी श्रीराम पाण्डेय जी कार्यक्रम मे आये लोगो से अपनी रणनीति साझा करते हुए कहा की हम प्रत्येक विधानसभा में एक–एक बैठकें करेंगे जो कि उस विधानसभा के प्रत्येक प्रखंडों के बनाए गए संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहेंगे और वह प्रखंड के संयोजक व सह संयोजक अपने–अपने पंचायतो में जाकर मतदाता जागरण के काम करेंगे। किसानों की समस्याओं और उत्पादन पर बात करते हुए उन्होंने कहा की सिंचाई,बीज व तकनीक सुविधाओं पर पहल व जरूरत पर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसानों का जीवन शैली समृद्ध हो और वे आत्महत्या करने को मजबूर ना हों साथ हीं उन्होंने कहा की अभी वक्त है जागरूकता अभियान का इसलिए अभी हम सभी अपने क्षेत्रों मे मतदान पर पहल करें। इस कार्यक्रम मे भारतीय किसान संघ चतरा विधानसभा संयोजक अशोक अनन्त,सिमरिया विधान सभा संयोजक मुसाफिर दांगी,मनिका विधान सभा संयोजक सुरेंद्र सिंह, पांकी संयोजक भोला सिंह, लातेहार विधान सभा संयोजक बबन मांझी समेत भारतीय किसान संघ चतरा के जिला उपाध्यक्ष दिलीप प्रसाद गुप्ता,युवा प्रमुख सोनु तिवारी,जिला सहमंत्री दिलीप मेहता तथा सभी प्रखण्ड संयोजक, सह संयोजक उपस्थित हुए।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।